आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...


● वर्ष- 16 अंक 262 ● कटनी ● शुक्रवार, 28 अक्टूबर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-4 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## अमेरिका के मैसाचुसेट्स में सड़क हादसे में 3 भारतीय छात्रों की मौत

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका के मैसाचुसेट्स में सड़क हादसे में तीन भारतीय छात्रों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तीनों छात्र जिस कार में मौजूद थे, वे एक दूसरे गाड़ी से टकरा गई। तीनों छात्र दक्षिण भारत के रहने वाले हैं। मृतकों की पहचान पवनी गुलापल्ली (22), प्रेम कुमार रेड्डी गोडा (27), और साई नरसिम्हा (22) के रूप में की गई है। बर्कशायर डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के ऑफिस के मुताबिक मैसाचुसेट्स पुलिस घटना में शामिल दो गाड़ियों की टक्कर के मामले की जांच कर रही है।



नहाय खाय के साथ छठ पूजा शुरू




## पूर्व आईएएस राधेश्याम जुलानिया के खिलाफ भ्रष्टाचार का प्रकरण दर्ज

**भोपाल,यशभारत। मप्र लोकायुक्त संगठन ने प्रदेश के रिटायर वरिष्ठ आईएएस राधेश्याम जुलानिया के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलानिया पर जल संसाधन विभाग के सब ठेकेदार फर्म अर्नी इन्फ्रा से 99.50 लाख रुपए अपने बैंक खाते में लेने के आरोप हैं। शिकायतकर्ता ने दस्तावेजों के साथ लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराते हुए राधेश्याम जुलानिया, उनकी पत्नी अनिता जुलानिया और उनकी बेटी लवण्या जुलानिया को भी आरोपी बनाने की मांग की है।**

भोपाल निवासी सामाजिक कार्यकर्ता नेमीचन्द जैन ने इसी वर्ष 2 अगस्त को लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी कि जुलानिया रिटायरमेंट के बाद भोपाल के जिस बंगले में रहते हैं उसका भूखण्ड उन्होंने स्वयं और पत्नी अनिता जुलानिया के नाम खरीदा है। इस भूखंड को खरीदने की रकम अर्नी इन्फा के खाते से अलग अलग बैंक खातों में घुमाकर जुलानिया के एकाउंट में भेजी गई थी। शिकायतकर्ता ने सारे प्रमाण संलग्न करते हुए शिकायत में लिखा है कि जनवरी 2021 में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने अर्नी इंफ्रा के मालिक आदित्य त्रिपाठी को गिरफ्तार किया था। ईडी ने प्रेसनोट जारी कर कहा था कि अर्नी इंफ्रा मुखौटा फर्म है जो जल संसाधन विभाग के सबसे बड़े ठेकेदार राजू मेंटाना की ओर से मप्र के वरिष्ठ अफसरों को रिश्वत बांटने का काम करती है। अर्नी इंफ्रा को मेंटाना की ओर से 93 करोड़ काम सबलेट के नाम से मिले थे। जुलानिया लंबे समय तक जल संसाधन विभाग के मुखिया रहे हैं और उनके कार्यकाल में मेंटाना को सैकड़ों करोड़ के काम दिए गये थे। शिकायतकर्ता ने आरोपों के प्रमाण संलग्न करते हुए लिखा है कि जिस समय जुलानिया जल संसाधन विभाग में थे और मेंटाना वहां ठेकेदार फर्म थी, उसी समय जुलानिया की बेटी लवण्या जुलानिया हैदराबाद में मेंटाना की ही एक कंपनी में जॉब कर रही थी। इसकी सूचना जुलानिया ने राज्य सरकार को नहीं दी। शिकायतकर्ता ने यह भी शिकायत की है कि राज्य सरकार ने 22 अगस्त 2016 को जुलानिया को जल संसाधन विभाग से हटाया और आईएएस पंकज अग्रवाल को जल संसाधन की कमान सौंपी थी। पंकज अग्रवाल के कार्यकाल में मेंटाना कंपनी को ब्लेक लिस्टेड कर दिया गया था। मेंटाना के ब्लेक लिस्टेड होते ही अचानक सरकार ने पंकज अग्रवाल को हटाकर जुलानिया को फिर से जल संसाधन में पदस्थ किया। जुलानिया के जल संसाधन में आते ही मेंटाना को ब्लेक लिस्ट से हटाकर फिर से काम सौंप दिए गये। यानि जुलानिया मेंटाना को मदद करते रहे और उससे प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष लाभ लेते रहे। शिकायत कर्ता ने राधेश्याम जुलानिया द्वारा अपने बेटे अभिमन्यु जुलानिया को एक करोड़ रूपए विदेश भेजने की जांच की भी मांग की है।



### लोकायुक्त ने जांच शुरु की

लोकायुक्त संगठन के विधि अधिकारी अवधेश कुमार गुप्ता ने शिकायत कर्ता को लिखित सूचना दी है कि उनकी शिकायत के आधार पर लोकायुक्त संगठन ने रिटायर आईएएस राधेश्याम जुलानिया के खिलाफ प्रकरण क्रमांक 0094/ई/22 दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## सोशल मीडिया फॉलोवर्स तय करेंगे भाजपा नेताओं का भविष्य, संगठन ने जारी किया फरमान

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश में 2023 में होने जा रहे विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा पूरी तरह से सक्रिय है। 2018 में हुई गलतियों पर फोकस करते हुए इस बार कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहती है। मिशन 2023 के लिए एक बार फिर भाजपा सोशल मीडिया पर कुछ ज्यादा ही विश्वास जता रही है।यहीं वजह है कि आलाकमान की तरफ से एक फरमान जारी कर फेसबुक और ट्वीटर पर फॉलोअर की संख्या बढ़ाने की शुरुआत करने को कहा है।फिलहाल ये बात जिलाध्यक्षों से की जा रही है। जानकारी मिली है कि ये फरमान बाद में मंत्रियों पर लागू की जाएगी। इस रणनीति के मुताबिक सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या से ही जिलाध्यक्षों की काबलियत तय हो सकेगी। भाजपा के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव ने बताया है कि जिस जिलाध्यक्ष के फेसबुक एकाउंट पर पर एक लाख और ट्वीटर पर दस हजार फॉलोअर नहीं हैं, वह पद पर रहने लायक नहीं हैं। दरअसल आलाकमान के एक तुगलकी फरमान जारी किया है जिससे पार्टी जिलाध्यक्षों और मंत्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि फिलहाल आलाकमान का यह फरमान अभी केवल जिलाध्यक्षों तक ही सीमित है। इस फरमान के मुताबिक अब भाजपा के जिलाध्यक्षों को फेसबुक पर एक लाख, जबकि ट्वीटर पर दस हजार फॉलोअर होना जरूरी है। और यदि जिलाध्यक्षों ने आलाकमान का फरमान नहीं माना तो उनकी पदों से छुट्टी भी हो सकती है। इस फरमान ने उन जिलाध्यक्षों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं, जो सोशल मीडिया में ज्यादा रूचि नहीं रखते। भाजपा के संगठन ने साफ कर दिया है कि जो जिलाध्यक्ष सोशल मीडिया पर एक्टिव नहीं रहेगा उसकी पदों से छुट्टी कर दी जाएगी।ऐसे देखा जाए तो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ही फेसबुक पर ज्यादा एक्टिव हैं। और अब प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव के इस फरमान ने प्रदेश के कई भाजपा जिलाध्यक्षों की नींद ही उडा दी हैं क्योंकि कई जिलाध्यक्षों ने सोशल मीडिया से ही दूरी बना रखी हैं और आज भी वे अपनी पुरानी ही नीतियों पर चल रहे हैं।



## पति ने हाथ-पैर बांध, कर दिया था जिंदा दफन Apple की घड़ी ने बचाई जान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** Apple Watch ने फिर से एक यूजर की जान बचाई है। मामला वॉशिंगटन का है। यहां 42 साल की एक महिला यंग सूक को उनके पति ने चाकू मारने के बाद जमीन में जिंदा दफन कर दिया था। महिला इतना कुछ झेलने के बाद भी चमत्कारिक ढंग से जिंदा बच गई। सूक हिम्मत और होशियारी दिखाते हुए कब्र से किसी तरह बाहर आने में सफल हुईं। इसके बाद उन्होंने अपनी ऐपल वॉच से 911 पर कॉल करके पुलिस से मदद मांगी। सूक और उनके पति के बीच डिवोर्स और पैसों को लेकर बहस चल रही थी। इसी बीच सूक ने अपने पति को घर से जाने के लिए कहा, जिसके बाद उनके पति को काफी गुस्सा आ गया था। सूक जैसे ही अपने बेडरूम में चेंज करने गईं, उनके पति ने उन पर पीछे से हमला कर दिया। पति ने सूक के सिर पर कई वार किए और उन्हें जमीन पर पटक दिया। इसके बाद सूक के पति ने उन्हें डक्ट टेप से बांधा और घसीट कर बेडरूम से बाहर ले गया। सूक काफी सदमे में थीं।






## दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर पलटी बस, 7 घायल

**दमोह, यशभारत।** दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर नोहटा थाना के अभाना गांव के समीप शुक्रवार की सुबह दमोह से जबलपुर जा रही एक यात्री बस सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई और खाई में जाकर पलट गई। इस हादसे में बस में बैठे करीब 7 यात्री घायल हो गया। वहीं ट्रक ड्राइवर स्टियरिंग में फंस गया। सूचना मिलते ही नोहटा पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बस के अंदर फंसे घायलों को बाहर निकाला। वहीं स्टियरिंग से ट्रक ड्राइवर को बाहर निकालकर इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। घायल यात्रियों ने बताया कि बस चालक काफी तेज रफ्तार से लहराते हुए बस चला रहा था, जिसके चलते हैं हादसा हुआ है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद बस चालक मौके से भाग गया। तिवारी कंपनी की बस प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की सुबह भी दमोह से तेंदूखेड़ा होते हुए जबलपुर की ओर जा रही थी। दमोह से 12 किलोमीटर दूर आगे पहुंचते ही अभाना के पास सामने से आ रहे एक ट्रक को बस चालक ने सीधी टक्कर मार दी और बस अनियंत्रित होते हुए खाई में जाकर पलट गई। बस पलटते ही घायल यात्रियों ने चीख-पुकार करना शुरू कर दिया, जिससे वहां से निकल रहे राहगीर घटनास्थल पर रुक गए और नोहटा पुलिस को सूचना दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### श्मशान जा रही थी शवयात्रा, रास्ते में जिंदा होकर बैठ गया युवक

**अकोला, ईएमएस।** महाराष्ट्र के अकोला के विवरा गांव में सनसनीखेज और हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक युवक की मौत के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान ले जाया जा रहा था. इसी दौरान अचानक च्लाशज जिंदा होकर बैठ गई. यह नजारा देख सभी हैरान रह गए. फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है। जानकारी के अनुसार, अकोला के विवरा गांव का 25 वर्षीय प्रशांत मेसरे होमगार्ड है. वह अस्पताल से इलाज करवाकर लौटा था. बताया जा रहा है कि इसके बाद युवक की मौत हो गई. उसके परिवार में मातम पसर गया. प्रशांत के परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव को श्मशान ले जा रहे थे. अचानक बांस की सीढ़ी से बंधी च्लाशज की सांसें चलने लगीं. यह देख लोग हैरान रह गए. युवक के माता-पिता ने उसे माता के मंदिर ले गए, जहां युवक जिंदा हो गया. तांत्रिक दीपक बोरले ने दावा किया कि यह माता का चमत्कार है.इस घटना में युवक के जिंदा होने का दावा करने वाले युवक के उसके माता-पिता कैमरे के सामने खुलकर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं. इस घटना को लेकर गांव वालों ने कहा कि यह भ्रामक और अंधश्रद्धा जैसी घटना है. इससे गांव के लोग डरे सहमे हैं. प्रशासन को इसकी जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए.घटना के बाद पुलिस ने तुरंत युवक, उसके माता-पिता और तांत्रिक को थाने बुलाया. पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया।



### घर आते-जाते हुआ इश्क! 56 साल की महिला से 19 साल के लड़के ने की सगाई!

नई दिल्ली, एजेंसी। 19 साल के एक लड़के ने 56 साल की बूढ़ी महिला ने सगाई कर ली। हालांकि, लड़का, पहली बार महिला से तब मिला था जब उसकी उम्र 10 साल थी. उम्र में 37 साल के बड़े अंतर के बावजूद दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे। फिर वे लोग रिलेशनशिप में आ गए। मामला थाईलैंड के नखोन प्रांत का है. 19 साल के वुथिचाई चैंटराज और 56 की जनला नामुआंगरक एक दूसरे के पड़ोस में रहते थे. जनला का तलाक हो चुका था और वह अकेले रहती थीं.। इसलिए घरेलू काम में मदद के लिए वह वुथिचाई को अपने घर बुला लिया करती थीं.घर के काम में हाथ बंटाते-बंटाते जनला और वुथिचाई के बीच पक्की दोस्ती हो गई. अब तो उनके रिलेशनशिप को भी दो साल हो चुके हैं। वे लोग डेट के लिए शहर के फेमस जगहों और रेस्टोरेंट्स में जाते रहते हैं. कपल ने कहा कि उम्र में 37 साल के अंतर से उन्हें फर्क नहीं पड़ता है. पब्लिक के बीच किस करने और हाथ पकड़ने में भी उन दोनों कोई शर्मिंदगी महसूस नहीं होती है।





## जो आपके पास आए, उसे फॉरवर्ड करने से पहले वेरिफाई जरूर करें

### सूरजकुंड चिंतन शिविर में सोशल मीडिया की ताकत पर बोले पीएममोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चिंतन शिविर में क्करूमोदी ने कहा कि सोशल मीडिया सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन इसके इस्तेमाल में सावधानी रखें। फेक न्यूज का छोटा सा हिस्सा पूरे देश में तूफान ला सकता है।लोगों को इस बारे में जागरुक करने की जरूरत है कि कुछ भी फॉरवर्ड करने से पहले सोचें। जो भी संदेश आपके पास आए, उसे फॉरवर्ड करने से पहले वेरिफाई जरूर करें। पीएम मोदी हरियाणा के सूरजकुंड में गुरुवार से चल रहे मुख्यमंत्रियों और गृहमंत्रियों के चिंतन शिविर में बोल रहे थे। वे इस शिविर में वर्चुअली शामिल हुए। चिंतन शिविर का उद्देश्य विजन 2047 की प्लानिंग करना है। चिंतन शिविर में सभी राज्यों के गृहमंत्री, संघ शासित राज्यों के उप राज्यपाल और प्रशासकों ने हिस्सा लिया है।पीएम ने कहा कि कानून-व्यवस्था के पूरे सिस्टम का विश्वसनीय होना बहुत महत्वपूर्ण है। स्मार्ट टेक्नोलॉजी से कानून-व्यवस्था को स्मार्ट बना पाना संभव होगा। साइबर क्राइम हो या फिर ड्रोन टेक्नॉलॉजी का हथियारों और ड्रग्स तस्करी रोकने में उपयोग, इनके लिए हमें नई टेक्नोलॉजी पर काम करते रहना होगा।पीएम ने कहा- कानून-व्यवस्था एक राज्य तक सीमित नहीं है। इंटर स्टेट और इंटरनेशनल क्राइम हो रहे हैं। तकनीक के साथ, अपराधियों के पास अब राज्यों में अपराध करने की शक्ति है। सीमा से परे अपराधी तकनीक का दुरुपयोग कर रहे हैं।सभी राज्यों की एजेंसियों के बीच समन्वय और केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच समन्वय जरूरी है।

## अस्पताल में 7 महीने से बेहोश पड़ी महिला ने दिया बच्ची को जन्म

नई दिल्ली, एजेंसी। एक सड़क हादसे में सिर पर चोट लगने के बाद 23 वर्षीय महिला बीते 7 महीनों से अस्पताल में बेहोशी हालत में पड़ी हुई है। इस दौरान महिला की कई सर्जरी की गई। कुदरत का करिश्मा देखा बीते सप्ताह महिला ने एम्स में एक स्वस्थ्य बच्ची को जन्म दिया है। यह महिला यूपी के बुलंदशहर की है। डॉक्टरों के अनुसार दुर्घटना के समय महिला अपने पति के साथ बाइक पर जा रही थी। यह हादसा 31 मार्च को हुआ। वह 40 दिन की गर्भवती थी।

## ट्विटर से खाली नहीं जाएंगे पराग अग्रवाल

## एलन मस्क को देने होंगे 346 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ट्विटर का मालिक बनते ही दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने बड़ा एक्शन लिया है। इस पूरी डील पर नजर बनाए रखने वाले व्यक्ति के अनुसार एलन मस्क के हाथ में ट्विटर की कमान आने के बाद कंपनी के सीईओ पराग अग्रवाल को बाहर निकाल दिया गया है। हालांकि, इस पूरे मसले पर ट्विटर की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। बता दें, अगर पराग अग्रवाल कंपनी से निकाले जाते हैं तो ट्विटर को उन्हें भारी रकम चुकानी होगी। जब भी कोई व्यक्ति किसी बड़ी कंपनी का सीईओ बनता है तो उसे सैलरी के अलावा कंपनी के कुछ शेयर भी दिए जाते हैं। ऐसे में पराग अग्रवार ट्विटर छोड़कर जाते हैं तो उनकी सभी शेयरहोल्डिंग का भुगतान कंपनी को करना होगा। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार के पराग अग्रवाल को करीब 42 मिलियन डॉलर (346 करोड़ रुपये) का भुगतान किया जाएगा। एलन मस्क और पराग अग्रवाल के बीच तकरार जगजाहिर है। एलन मस्क सार्वजनिक तौर पर यह कह चुके थे कि उन्हें मौजूदा मैनेजमेंट पर विश्वास नहीं है। 9 अप्रैल को ट्विट करते पराग अग्रावल ने कहा था , च्आप यह ट्विट करने के लिए स्वतंत्र हैं कि ट्विटर मर रहा है? या कुछ और भी। लेकिन यह मेरी जिम्मेदारी है बताने की, वर्तमान परिस्थितियों में यह ट्विटर को बेहतर बनाने में मददगार साबित नहीं हो रहा है।





## 1 लाख में कैटरीना

### 60 हजार में बिका सलमान नाम का खच्चर

### चित्रकूट का गधा मेला

**सतना, ईएमएस।** मध्यप्रदेश के सतना जिले में आने वाले चित्रकूट में तीन दिन गधे और खच्चरों का मेला लगता है। यह मेला दीपावली के बाद शुरू होता है। इस मेले में दूरदराज से गधे और खच्चर बेचने को लाए जाते हैं।

मुन्ना प्रधान बताते हैं कि इस बार के मेले में 10 हजार से ज्यादा गधे और खच्चर आए। इसमें कैटरीना और सलमान नाम के खच्चर ज्यादा दाम में बिके। कैटरीना की कीमत 1 लाख रही और सलमान की 60 हजार। इसके अलावा सुष्मिता, आमिर, गब्बर, आदि नाम के भी खच्चर बिके।यह मेला सतना जिले के चित्रकूट में लगता है लेकिन इसमें ज्यादा दिलचस्पी उत्तर प्रदेश के लोग लेते हैं। यहां बांदा से आए ओमप्रकाश ने बताया कि मेले में ज्यादातर लोग उत्तर प्रदेश के जिलों से हैं। मैं यहां 15 सालों से आ रहा हूं। इस बार दो खच्चर खरीदे हैं। दोनों को मिलाकर 1 लाख की कीमत चुकाई है। ओम प्रकाश ने आगे बताया कि मेले में कई तरह के खच्चर मिल जाते हैं इसलिए यहां आना जरूरी होता है।मेले में खरीददार भी कई जगहों से आते हैं। उन्हें कम कीमत में तंदुरुस्त गधे और खच्चर मिल जाते हैं। यही वजह है कि लोग यहां अपने गधे और खच्चर बेचने भी आते हैं। फतेहपुर से आए गधा व्यापारी फैयाज बताते हैं कि चित्रकूट के मेला में गधों के हिसाब से बढ़िया कीमत मिल जाती है। इससे हमारा आने-जाने का खर्चा आदि के अलावा अच्छी खासी कीमत मिल जाती है। खच्चर की मांग ज्यादा रहती है जबकि गधे की कम। खच्चर जहां 40 से 50 हजार में बिकता है वहीं गधों की कीमत 10-15 हजार तक रहती है। गधा मेला के स्थानीय ठेकेदार सनी पांडेय ने बताया कि फिल्मी नाम केवल आकर्षण के लिए रखा जाता है। यह औरंगजेब के जमाने का मेला है जो अभी भी चल रहा है। लोग जैसा कि बताते है कि औरंगजेब जब युद्ध के लिए आगे बढ़ रहा था तो वह मंदाकिनी तट पर विश्राम के लिए रुका हुआ था। उसके लश्कर में खच्चर और गधे भी थे जो बीमार हो गए थे, उनकी बिक्री और नए गधे खरीदने के लिए मेला लगाया गया था तब से यह परंपरा चली आ रही है।

## 60 साल बाद नहाया तो हुई मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे गंदे आदमी कहलाने वाले अमो हाजी की बुधवार को 94 साल की उम्र में मौत हो गई. ईरान के अमो हाजी पिछले 60 सालों से नहीं नहाया था. हाल ही में गांव वालों के दबाव में आकर उसे नहाना पड़ा, जिस वजह से उसकी तबियत बिगड़ गई थी. अमो पानी और साबुन को हाथ भी नहीं लगाना चाहता था. उसे डर था कि अगर वह पानी या साबुन का इस्तेमाल करेगा तो बीमार हो जाएगा.अमो हाजी के बाद दुनिया के सबसे गंदे आदमी होने का अनाधिकारिक रिकॉर्ड एक भारतीय शख्स के नाम आ जाएगा. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वाराणसी के गांव के रहने वाला कैलाश उर्फ कालू सिंह भी कई दशकों से नहीं नहाया है. हर शाम यह शख्स आग जलाता है, गांजा फूंकता है और एक पैर पर खड़े होकर भगवान शिव की पूजा करता है।



शुभांक -4-5-7

## दिवाली में प्रदूषित रही कटनी की हवा

# पटाखों पर प्रतिबंध का नहीं हुआ पालन

**कटनी,यशभारत।** कटनी में भले ही पटाखों पर प्रतिबंध रहा हो लेकिन कटनी में जमकर पटाखे फूटे परिणाम था कि कटनी की आवोहवा दिवाली स अब तक नहीं सुधर सकी है। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर के बाद इंदौर कटनी दिवाली पर जमकर पटाखे फोड़े गए। नतीजतन मप्र की फिजा खराब हो गई। सबसे ज्यादा प्रदूषित उज्जैन हो गया, जहां एयर क्वालिटी 267 तक पहुंच गई। वहीं जबलपुर, इंदौर , ग्वालियर व भोपाल में भी हवा का स्तर कमजोर कैटेगरी पर पहुंचा। एक्यूआई का स्तर भोपाल में 255, ग्वालियर में 231,जबलपुर में 225, इंदौर में 210,कटनी में 224 व रतलाम में 236 रिकॉर्ड किया गया। एनजीटी की कड़ाई के बावजूद मध्य प्रदेश में पटाखों को छोडने के लिए तय नियमों पालन नहीं हुआ। प्रदेश में वायु प्रदूषण अपने तय मानक से अधिक दर्ज किया गया। दीपावली के बाद मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल में दर्ज हुआ एक्यूआई यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स का स्तर बिगड़ा पाया गया। मध्य प्रदेश के अलग-अलग शहरों के सामने आए आंकड़ों में सबसे ज्यादा प्रदूषित उज्जैन शहर दर्ज किया गया, जहां एयर क्वालिटी का स्तर 267 तक पहुंच गया। इतना ही नहीं मध्य प्रदेश के



चार प्रमुख शहरों के हाल भी कोई अच्छे नहीं रहे। प्रदेश का सबसे प्रदूषित शहर उज्जैन था। यहां एक्यूआई का स्तर 267 था। जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर और भोपाल में भी हवा का स्तर पूर कैटेगरी पर पहुंचा। एक्यूआई का स्तर भोपाल में 255, ग्वालियर में 231, जबलपुर में 225, इंदौर में 210, कटनी में 224 तथा रतलाम में 236 रिकॉर्ड किया गया।



## मंत्री द्वय का भाजपा कार्यालय में स्वागत

**कटनी, यशभारत।** कटनी पहुंचने पर आज केबिनेट मंत्री द्वय सुश्री उषा ठाकुर तथा श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिला अध्यक्ष दीपक टण्डन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, विधायक संदीप जायसवाल, सुरेश सोनी, सीमा जैन सहित सभी जिला पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके बाद मंत्री द्वय ने कटनी फारेस्टर खेल मैदान का निरीक्षण भी किया।





## कटनी में 30 अक्टूबर तक दिन व रात के तापमान में गिरावट

**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश के जिलों में आगामी 30 अक्टूबर तक दिन व रात के तापमान में गिरावट के साथ ही अधिकतम व न्यूनतम तापमान में कमी आएगी। इसको लेकर मौसम विभाग की ओर से 30 अक्टूबर का मौसम पूर्वानुमान जारी किया गया है। उत्तर जिलों में आसमान प्राय: साफ व मौसम के शुष्क बने रहने का अनुमान है। वहीं इस दौरान दिन व रात के तापमान में गिरावट के साथ अधिकतम तापमान 29-31 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 17-19 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। बताया गया कि पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 5-7 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से अगले दो-तीन दिनों तक पछिया व उसके बाद पुरवा हवा चलने की संभावना है। बताया गया कि आगामी चार दिनों में तापमान के नीचे आने से रात के समय ठंड का असर अधिक बढ़ेगा।

## छठ पर कटनी से होकर निकल रहीं अनारक्षित ट्रेन

**कटनी, यशभारत।** जब छठ पूजा का महापर्व आता है तो सरकारें ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए बिहार की ओर जाने वाली ट्रेनों की संख्या बढ़ा देती हैं ताकि लोग आसानी से इस पर्व को अपने घर पहुंचकर मना सकें. इस महापर्व पर अगर आप मध्य प्रदेश के जबलपुर से अपने घर लौटना चाहते हैं, तो यह आपके काम की खबर है सिर्फ स्पेशल ट्रेनें ही नहीं बल्कि 2 अनारक्षित स्पेशल ट्रेन भी 26 अक्टूबर से शुरू हो गई हैं. इन ट्रेनों की यात्रा इस प्रकार रहेगी. सीएसएमटी-दानापुर-सीएसएमटी ट्रेन की दो-दो ट्रिप तो पुणे-दानापुर-पुणे ट्रेन की एक-एक ट्रिप होगी. ये ट्रेनें इटारसी, जबलपुर से होते हुए दानापुर जाएगी. गाड़ी संख्या 01411 सीएसएमटी-दानापुर स्पेशल ट्रेन 26 और 29 अक्टूबर को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 11:55 बजे रवाना होगी. यह अगले दिन मध्यरात्रि के बाद 00:20 बजे इटारसी, 04:30 बजे जबलपुर, 8.25 सतना और 17 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी



### जबलपुर से इस समय पकड़ें ये ट्रेनें

गाड़ी संख्या 01412 दानापुर-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन बीते दिन गुरुवार 27 एवं 30 अक्टूबर को दानापुर से 19.55 बजे निकलकर अगले दिन 4:25 बजे सतना, 7 बजे जबलपुर, 10.40 बजे इटारसी और 23.50 बजे पुणे पहुंचने का समय है. इस ट्रेन में 16 सामान्य डिब्बों के साथ कुल 18 कोच हैं. इसी तरह, गाड़ी संख्या 01415 पुणे दानापुर स्पेशल ट्रेन शुक्रवार यानी आज 28 अक्टूबर को पुणे से 00.10 बजे निकल चुकी है और यह ट्रेन 13.15 बजे इटारसी, 16.50 बजे जबलपुर, 19:45 बजे सतना और अगले दिन 8 बजे सुबह दानापुर स्टेशन पहुंचेगी गाड़ी संख्या 01416 दानापुर पुणे स्पेशल ट्रेन 29 अक्टूबर को दानापुर स्टेशन से 11:00 बजे प्रस्थान करेगी. यह 22:15 बजे जबलपुर पहुंचकर अगले दिन 01:50 बजे इटारसी ???????और 16:30 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी. गाड़ी संख्या 09032 दानापुर-उधना स्पेशल ट्रेन 28 अक्टूबर को दानापुर स्टेशन से मध्यरात्रि 2:30 बजे प्रस्थान कर चुकी है यह ट्रेन कटनी 14:15 बजे, जबलपुर 15:40 बजे, इटारसी 18:27 बजे और दूसरे दिन प्रात: 05:10 बजे उधना स्टेशन पहुंचेगी यह गाड़ी रास्ते मे दोनों दिशाओं में यानी आने और जाने में खण्डवा, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, सतना स्टेशनों पर रुकेगी. इस गाड़ी में 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 4 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 10 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य श्रेणी, 1 जनरेटर कार एवं 1 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच हैं

## मोबाइल पर रिकॉर्ड करते हुए पी लिया जहर, जिला अस्पताल में जिंदगी मौत के बीच लड़ रहा जंग

### पत्नी ससुर से था गांव का युवक त्रस्त



**कटनी,यशभारत।** कटनी जिला अस्पताल में भर्ती एक युवक ने पत्नी और ससुर से परेशान होकर सल्फास खा लिया। इसका लाइव वीडियो और सुसाइट नोट बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। यह घटना कटनी के समीप ग्राम कचौरी शाहनगर की बताई गई है। इसके बाद युवक की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने आनन फानन में युवक को कटनी जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती करवाया। जहां युवक जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। पन्ना जिले के शाहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कचौरी के निवासी सुजान सिंह का कहना है कि वह अपनी पत्नी और ससुर से परेशान हो चुका है। युवक ने वीडियो में कहा कि मैं इनसे बहुत परेशानहो चुका हूं, इसलिए आत्महत्या कर रहा हूं। पत्नी और ससुर पर कड़ी कार्रवाई की जाए। यह कहने बाद उसने डिब्बी खोलकर उसकी गोली निकालकर खा ली। शाहनगर के थाना प्रभारी भगवान सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में कोई आवेदन नहीं आया है। हमने अपने स्तर से शाहनगर अस्पताल से जानकारी ली है, लेकिन वहां भी युवक को इलाज के लिए नहीं लाया गया है।

## रेलवे की जमीन पर शुरू करें व्यवसायिक प्रोजेक्ट, अतिरिक्त जमीन मिलेगी

**कटनी,यशभारत।** रेलवे ने नान फेयर रेव्यू योजना के तहत अपनी जमीन के कमर्शियल उपयोग के लिए व्यापारी और संस्थानों को आमंत्रित करने में जुटा है। इस बीच रेलवे ने अब अपनी जमीन पर प्रोजेक्ट लगाने वालों को राहत दी है। रेलवे की जमीन पर काम करने वाले लोगों को अपना काम बढ़ाने के लिए अतिरिक्त जमीन देना शुरू कर दिया है। इसकी पहल जबलपुर रेल मंडल से शुरू हुई है। जिसमे कटनी भी शामिल है। मंडल की सीमा में चल रहे कोच रेस्टारेंट को जरूरत के मुताबिक अतिरिक्त जमीन दी है। इसके बदले में रेलवे उससे पहले दी गई जमीन के किराए के बराबर इस जमीन का किराया भी वसूला है। रेलवे ने अपनी जमीन का ब्यौरा तैयार किया है। इसमें जबलपुर रेलवे स्टेशन, मदनमहल रेलवे स्टेशन के साथ कटनी, सतना, रीवा, नरसिंहपुर, दमोह, सागर जैसे बड़े स्टेशनों के आसपास की उनुपयोगी जमीन की कुंडली बनाई है। रेलवे इस जमीन को निजी कंपनियों को कमर्शियल उपयोग के लिए देना चाह रहा है। इसकी शुरूआत कोच रेस्टारेंट, पार्लर और स्टालों से की गई है। कोरोना काल के दौरान अधिकांश प्रोजेक्ट बंद होने की कगार पर थे। रेलवे ने इस प्रोजेक्ट को प्रोत्साहन देने राहत दी। साथ ही जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त जमीन भी पहले दिए गए मूल्य पर उपलब्ध कराई। व्यापारियों को प्रोत्साहित कर रेलवे उनके माध्यम से अन्य व्यापारियों को अपनी ओर आकर्षित करेगा लंबी प्रक्रिया को छोटी कर अधिकतर लोगों को रेलवे की जमीन या स्टेशन पर आमंत्रित किया जाएगा रेलवे की आय में इजाफा होगा और नियमानुसार जमीन देने की प्रक्रिया आसान की जाएगी।



## निलंबित लिपिक पर एफआइआर दर्ज करने में पुलिस की हीलाहवाली

### 36 दिन बाद भी दर्ज नहीं हुआ मामला

**कटनी, यशभारत। धोखाधड़ी व जालसाजी कर कर्मचारियों के एरियर्स व जीपीएफका भुगतान अपने व्यक्तिगत खाते में करवाने वाले लिपिक आलोक चौरसिया पर माधवनगर पुलिस मेहरबान नजर आ रही है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक आर के सिंह द्वारा 22 सितंबर को लिपिक के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी की एफआइआर दर्ज करने का आवेदन देने के 36 दिन बाद भी पुलिस ने एफआइआर दर्ज नहीं की है।**

हैरानी की बात तो यह है कि कोषालय द्वारा लिपिक आलोक चौरसिया के खाते में होल्ड करने, कलेक्टर द्वारा निलंबन की कार्रवाई किए जाने के बावजूद पुलिस जांच सुस्त गति से चल रही है। दूसरी ओर अब तक इस मामले में कोषालय कर्मचारियों की भूमिका की जांच भी अब तक शुरू नहीं हुई है जबकि उपसंचालक आर के सिंह ने कोषालय की भूमिका पर भी सवाल खड़े करते हुए कोषालय की मिलीभगत का आरोप भी लगाया था। गौरतलब है कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग कार्यालय में पदस्थ लिपिक आलोक चौरसिया ने पांच कर्मचारियों के स्वत्वों की राशि 8 लाख 60 हजार 340 रुपए की राशि फर्जी हस्ताक्षर एवं जालसाजी कर अपने व्यक्तिगत खाते में जमा करवा ली है। इस मामले में उपसंचालक ने कोषालय की भूमिका पर भी सवाल खड़े कोषालय की मिलीभगत का आरोप भी लगाया है।

**पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक ने की थी शिकायत**

### इनका कहना है

पशुपालन विभाग के उपसंचालक ने लिपिक पर एफआइआर करने आवेदन दिया है। प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**-विजय विश्वकर्मा**, थाना प्रभारी, माधवनगर

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 25 से
सुबह 10.30, 1.15, 4,7 एवं रात्रि 10.15 बजे से




रामसेतु
कलाकार- अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडिस, नुसरत भरूचा, सत्यदेव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 25 से
सुबह 10.45 एवं रात्रि 9.45 बजे से




ब्लैक एडम (हिन्दी में)
कलाकार- डवेन जान्शन, जेनिफर हालेंड, सारा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से
दोपहर 12.45, 3, 5.15, एवं सायं 7.30 बजे से



थैंक गॉड
कलाकार- सिद्धार्थ मल्होत्रा, अजय देवगन, रकुलप्रीत सिंह, विक्रम कोचर आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 25 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
रामसेतु
कलाकार- अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडिस, नुसरत भरूचा, सत्यदेव आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 100/-
बॉक्स- 120/-
लोवर क्लास-50/-
अपर क्लास-80/-

यशभारत

सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 28 अक्टूबर 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# एमआईसी में घंटाघर सड़क निर्माण को हरी झंडी अतिक्रमण हटाने को लेकर नहीं बनी सहमति

## साढ़े तीन करोड़ से बनेगी जगन्नाथ चौक से गर्ग चौराहा तक की सड़क

**कटनी, यशभारत।** नगर निगम मेयर इन कौंसिल की कल गुरूवार को हुई बैठक के बाद आज शाम 4 बजे से नवनिर्वाचित नगर सरकार का प्रथम सम्मिलन परिषद सभागार में शाम 4 बजे से आयोजित किया गया है। परिषद की बैठक के पहले ही विरोध के स्वर मुखर हो गए है, जिससे परिषद की पहली बैठक में हंगामा होने के पूरे आसार है। उधर दूसरी तरफ परिषद की बैठक के समय परिवर्तन के साथ ही कई जनहितैषी मुद्दों की अनदेखी एवं एमआईसी में जगन्नाथ चौक से गर्ग चौराहा तक आरसीसी सड़क निर्माण में कांग्रेस ने निर्धारित मापदंडों की अनदेखी एवं बिना अतिक्रमण हटाए सड़क निर्माण का आरोप लगाया है। विपक्ष का कहना है कि अवैध अतिक्रमण हटाए बिना सड़क निर्माण का कोई औचित्य नहीं रहेगा। सम्मिलन में प्रदेश के नगरीय निकायों में जन निजी भागीदारी मॉडल आधारित एलइडी स्ट्रीट लाइट परिवर्तन कार्य के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इसके अलावा पार्षदों द्वारा पूछे गए प्रश्न, उनके उत्तर, महत्वपूर्ण पत्र व्यवहार के संबंध में भी चर्चा की जाएगी।

### अतिक्रमण नहीं हटा पाए तो बीच का रास्ता निकाला नगर निगम ने, विपक्ष ने कहा : सड़क निर्माण शहर हित में नहीं

जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। नगर निगम द्वारा 3.53 करोड़ की लागत से आरसीसी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। गुरुवार को मेयर इन काउंसिल की बैठक में सर्वसम्मति से सड़क निर्माण के प्रस्ताव को प्रशासकीय, तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। जल्द ही इसके लिए टेंडर जारी किए जाएंगे। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार सड़क का निर्माण उपलब्ध चौड़ाई के आधार पर ही किया जाएगा। मतलब सड़क पर किए गए अवैध कब्जों को नहीं हटाया जाएगा। सीसी रोड का निर्माण 251.43 लाख, आरसीसी ड्रेन मरम्मत एवं क्रॉस ड्रेन 58.34 लाख व सीवर लाइन का कार्य 44 लाख इस तरह कुल राशि 353.77 लाख रुपए का प्राक्कलन तैयार कराया गया है। अब देखना है कि नगर निगम प्रशासन टेंडर की प्रक्रिया कब तक शुरू करता है।

### जर्जर सड़क से मिलेगी शहरवासियों को राहत



जगन्नाथ चौक से गर्ग चौराहा तक सड़क के निर्माण से इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों राहगीरों को राहत मिलेगी। लंबे समय से इस मार्ग का चौड़ीकरण होने के बाद निर्माण होने की राह देख रहे शहरवासियों को जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। जर्जर सड़क के अलावा यहां मुख्य समस्या जाम की थी, जिससे हजारों लोगों को प्रतिदिन जूझना पड़ रहा था। विदित हो कि मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत दूसरे चरण में चांडक चौक से गर्ग चौराहा तक सड़क का चौड़ीकरण करते हुए सड़क व नाला निर्माण कराया जाना थाए लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अधिकारी व जनप्रतिनिधि मार्ग में बाधक अतिक्रमण हटाने के लिए बल नहीं जुटा सके और नतीजा यह हुआ कि बीच का रास्ता निकाल लिया गया।

### गड्ढों से राहत मिलेगी, लेकिन मुसीबत कम नहीं होगी : नेता प्रतिपक्ष

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रागनी मनोज गुप्ता का कहना है कि मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत निर्धारित मापदंड से ही सड़क का निर्माण होना शहर हित में रहेगा। अतिक्रमण हटाकर सड़क का निर्माण होने से हजारों लोगों को जाम से राहत मिलती, लेकिन ऐसा नहीं होगा। इस मार्ग पर सबसे अधिक ट्रांसपोर्ट कारोबार होता है। ट्रांसपोर्ट कारोबार भी शिफ्ट नहीं हुआ है। गड्ढों से राहत तो मिलेगी लेकिन मुसीबत कम नहीं होगी।

### इन प्रस्तावों पर भी मिली स्वीकृति

नगर निगम में नई सरकार के गठन के उपरांत कल गुरूवार को पहली बार एमआईसी की बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में नगर वन योजना हरियाली क्षेत्र में वृद्धि एवं एयर क्वालिटी इम्प्रूवमेंट की स्वीकृति, लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत लाड़ली लक्ष्मी पथ के नामकरण एवं लाड़ली लक्ष्मी वाटिका स्थापित करने, नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन आदेशानुसार समयमान वेतनमान दिए जाने, संविदा भर्ती किए जाने सहित कर्मचारियों संबंधी अन्य प्रस्तावों पर भी सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

### इनकी रही उपस्थिति

एमआईसी की बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष शुक्ला, रमेश सोनी, अवकाश जायसवाल, बीना संजू बैनर्जी, तुलसा गुलाब बेन, सुमन राजू माखीजा, खुशबू अनिरुद्ध नारायण सोनी सहित आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, कार्यपालन यंत्री शैलेष जायसवाल, उपायुक्त पवन अहिरवार, प्रभारी कार्यपालन यंत्री के पी शर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक एवं प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, आदेश जैन, अश्वनी पाण्डेय, उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## नगर निगम परिषद के प्रथम सम्मिलन से साफ होगी आगे की तस्वीर

नगर निगम के सामान्य सम्मिलन का आयोजन 28 अक्टूबर को शाम 4 बजे से नगर निगम में किया गया है। सम्मिलन में प्रदेश के नगरीय निकायों में जन निजी भागीदारी मॉडल आधारित एलइडी स्ट्रीट लाइट परिवर्तन कार्य के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इसके अलावा पार्षदों द्वारा पूछे गए प्रश्न, उनके उत्तर, महत्वपूर्ण पत्र व्यवहार के संबंध में चर्चा होगी। दूसरी ओर सम्मिलन के समय दोपहर 12 बजे की बजाय शाम 4 बजे किए जाने का कांग्रेस पार्षद दल ने विरोध किया है। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रागिनी गुप्ता ने आरोप लगाया है कि निगम प्रशासन नहीं चाहता कि नगर हित के महत्वपूर्ण विषय में चर्चा हो पाए और जनता के हितों के संबंध में निर्णय लिया जाए, इसलिए परिषद का समय परिवर्तन करके शाम को किया गया। उन्होंने नगरनिगम अध्यक्ष को पत्र लिखकर नगर निगम की बस स्टैंड, सराफा बाजार, झंडा बाजार, गोल बाजार, बिलैया तलैया, सब्जी मंडी इत्यादि क्षेत्रों में स्थित हजारों दुकानों में नगर निगम द्वारा अनेकों वर्षों से अनुबंध कार्रवाई, नवीनीकरण और नामांतरण की कार्रवाई नहीं किए जाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर परिषद में चर्चा कराए जाने की मांग की है।



### भाजपा पार्षदों की भूमिका पर रहेगी नजर

आज शाम 4 बजे से नगर निगम सभागार में होने जा रही परिषद की पहली बैठक में हंगामा होने के साथ ही यह देखने लायक रहेगा कि नगर विकास के साथ ही जनहितैषी मुद्दों को लेकर भाजपा के पार्षदों की क्या भूमिका होगी। भाजपा पार्षद नगर सरकार के साथ खड़े नजर आते हैं या फिर वे किसी बिंदु को लेकर नगर सरकार का विरोध दर्ज कराते हैं। नगर निगम में निर्दलीय महापौर प्रीति संजीव सूरी के साथ ही एमआईसी में भाजपा और निर्दलीय पार्षद हैं। परिषद की बैठक में केवल एक ही एजेंडे पर चर्चा को लेकर विपक्ष द्वारा विरोध किए जाने के आसार है।

## 25 दिन बीते, रिलीव नहीं हुए पंचायत सचिव

### प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से हुआ था स्थानांतरण



कार्यालय जिला पंचायत कटनी (मध्यप्रदेश)
//आदेश//

**कटनी, यशभारत।** जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के 8 व जनपद पंचायत रीठी के 1 ग्राम पंचायतों के कुल 9 सचिवों का स्थानांतरण आदेश विगत 4 अक्टूबर को प्रभारी मंत्री के अनुमोदन उपरान्त जारी किया गया था, जिसमे स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि स्थानांतरित सचिव तत्काल प्रभाव से अपनी नवीन पदस्थापना में आमद दें, लेकिन आदेश के 25 दिन बीतने के बाद भी अभी तक एक भी सचिव रिलीव नहीं हुआ है, जिससे पंचायतों का विकास कार्य अवरुद्ध है। आखिर स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद ऐसी कौन से वजह हुई, जिससे 25 दिन बीतने के बाद भी स्थानांतरित सचिवों के रिलीव होने में पेंच फंसा हुआ है।

### इन पंचायतों के सचिवों का हुआ ट्रांसफर

कटनी जिले की जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत खिरवा नंबर 2 के सचिव नारायण सिंह को ग्राम पंचायत कुन्दरेही, मुकेश पयाशी खरखरी से हरदुआकला, रमेश पांडेय हरदुआकलां से खरखरी, राजेश त्रिपाठी ग्राम पंचायत तिमुआ से इटौरा, रज्जन चौधरी इटौरा से तिमुआ, अभिषेक बेन कांटी से मोहास, माया दुबे जीवारा से भैंसवाही, उमेश राठौर भैंसवाही से जीवारा स्थानांतरित हुआ है। इसी तरह जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत दुर्जनपुर के सचिव मारू पटेल का स्थानांतरण ग्राम पंचायत खरखरी नंबर 2 के लिए किया गया है। विगत 4 अक्टूबर को जारी आदेश में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि आदेश जारी होते ही स्थानांतरित हुए सचिव अपनी नवीन पदस्थापना में पदभार तत्काल प्रभाव से ग्रहण करें, लेकिन 25 दिन बाद जारी आदेश सिर्फ आदेश तक ही सीमित रहकर स्थानांतरण के नाम पर मजाक बनकर रह गया है।

### नए सचिव पोस्टिंग नहीं होने से पेंडिंग पड़े कार्य

9 सचिवों का स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद उक्त पंचायतों के विकास कार्य पूरी तरह से प्रभावित है। उक्त पंचायतों के सरपंच नए सचिवों के आने की राह देख रहे है, जिससे विकास कार्य को गति मिल सके, लेकिन सरकारी आदेशों की खुलेआम हो रही अवहेलना से उक्त पंचायतो में सब कुछ ठप्प पड़ा हुआ है।



## कटनी ब्लड डोनर सोसाइटी ने मनाया दीपदान महोत्सव

**कटनी, यशभारत।** कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों द्वारा कटनी नदी के कटायेघाट में सामूहिक दीपदान एवं दीवाली मिलन समाराहों का आयोजन किया गया। गोवर्धन पूजा की संध्या बेला में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कटनी नदी कटायेघाट में संस्था के सदस्यों के परिजनों साथ दीपदान महोत्सव मनाया गया। दीपदान के साथ ही सदस्यों ने देशवासियों की खुशहाली की कामना की। दीपदान के बाद सभी सदस्यों ने प्रभु श्री राम एवं राम भक्त हनुमान जी से आशीर्वाद प्राप्त किया और संस्था सुचारू रूप से चल सके। सभी ने प्रभु से प्राथना की। दीपदान के उपरांत नदी में अपना जीवन यापन करने वाली मछली रानी को दाना खिलाया। सभी सदस्यों ने मिलकर ऐसे ही उत्साह के साथ मानव सेवा, गौ सेवा अन्य सामाजिक सेवा करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष टीनू लोकेश सचदेवा, सचिव अखिलेश पुरवार, श्रीमती मंजू शर्मा, शुभम शर्मा, श्रीमती मोनिका दुबे, अंकित बिलैया, पुरु अग्रवाल, सुमित रैकवार, सौरभ सामंता, पल्लवी अग्रवाल, खुशी अग्रवाल, आभा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, नमिता सोनी, पंकज सरावगी, पवन सरावगी, लव्या पुरवार, आशी पुरवार, मिस्ठी पुरवार एवं अन्य सदस्य शामिल हुए।

**कटाएघाट में आयोजित हुआ दीपावली मिलन समारोह**

## यम द्वितीया : कायस्थ समाज ने विधि विधान से की भगवान चित्रगुप्त की पूजा

### जगन्नाथ चौक स्थित चित्रगुप्त मंदिर में हुए धार्मिक अनुष्ठान



**कटनी, यशभारत।** जिले के विभिन्न इलाकों में कायस्थ बंधुओं द्वारा यम द्वितीया के अवसर पर भगवान चित्रगुप्त की पूजा विधि विधान से की गई। भगवान चित्रगुप्त के पूजन अर्चन के साथ ही कलम और दवात की पूजा की गई। मुख्य आयोजन चित्रगुप्त मंदिर जगन्नाथ चौक में किया गया, जहां कायस्थ समाज द्वारा आदिदेव भगवान चित्रगुप्त जी की विधिवत पूजा.अर्चना की गई। चित्रगुप्त मंदिर में चित्रगुप्त कायस्थ सभा के तत्वाधान में कायस्थ समाज ने मुख्य यजमान रचना हेमंत श्रीवास्तव, आशुतोष वर्मा ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा पूरे विधि विधान से कर सभी की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के वाद प्रतिवर्ष की तरह महाआरती एवं भंडारे एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। चित्रगुप्त पूजा को लेकर माहौल अध्यात्मिक व भक्तिमय हो उठा। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथिलेश जैन, नेता प्रतिपक्ष रागनी मनोज गुप्ता, आशीष तिवारी, जनप्रतिनिधियों के अलावा शहर एव ग्रामीण क्षेत्र के कायस्थ बंधुओं ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। सभी कायस्थ बंधुओं का आभार प्रदर्शन चित्रगुप्त कायस्थ सभा के अध्यक्ष अनिल खरे ने किया।

### सिद्ध पीठ धर्म हरि चित्रगुप्त मंदिर खिरहनी में भी आयोजन

समग्र कायस्थ समाज के तत्वावधान में चित्रगुप्त पूजन महोत्सव सिद्ध पीठ धर्म हरि चित्रगुप्त मंदिर खिरहनी में मनाया गया। कायस्थ समाज ने आराध्य देवता भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज की पूजा विधि.विधान पूर्वक हुई। बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के लोगों ने पूजा अर्चना की। भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की विधिवत पूजन और महाआरती, भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए।

### गौरैया बाबा की पूजा, सुख-समृद्धि की कामना, ब्रजधाम में जमकर थिरके ग्रामीण



## पारंपरिक नृत्यों पर झूमती रहीं अहीरों की टोलियां

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद के समीपी ग्राम कोहका स्थित ब्रजधाम मंदिर में गुरुवार को गोवर्धन पूजा महोत्सव के अवसर पर गौ पालक अपनी गायों को सजा संवार कर उन्नति की प्रतीक गाय माता का विधिवत पूजन किया गया। इसके बाद उन्हें पर्व स्थल लेकर आए। लोगों के द्वारा एक दूसरे को तिलक लगाकर मान सम्मान दिया गया, फिर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर दीवारी नृत्य शुरू किया गया। अहीरों की टोलियां विभिन्न पोशाक पहने आकर्षित लग रही थी। अहीरों के पारंपरिक नृत्य दीवारी की छटा चहुंओर बिखर रही थी। गांव का भ्रमण करते हुए दीवारी नृत्य करते हुए गौरैया बाबा पहुंची। जहां पूरे गांव के लोगों के द्वारा गौरैया बाबा की विधि विधान से पूजा आराधना कर गांव के खुशहाली की कामना की। इसके बाद टोली खिरका पहुंची, जहां खिरका में एकत्रित गायों, बछड़ों को अहीरों की टोलियों के द्वारा बिचकाया गया। टोली ने हरिदास महाराज मंदिर पहुंचकर दीवारी नृत्य व गायन शुरू किया गया जो देर शाम चलता रहा। इस दौरान प्रदीप त्रिपाठी, राममिलन यादव, गिरिजा यादव, महेश यादव, भारत यादव, गुलाब यादव, रामनारायण यादव, संजय यादव सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। इसी तरह ग्राम पंचायत झुकेही में यादव समाज द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान गौ माता की विशेष पूजा अर्चना की गई।

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक



Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah
Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस,
बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

mgm HOSPITAL We Care with Care
कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow

From 25th October 2022

Cineworldz Cinema Katni by CMW..
Schedule for the 25.10.2022 to 03.11.2022

| AUDI - 1 | SHOW | RATE |
| --- | --- | --- |
| RAM SETU | 10:30AM | 110-140-170-200 |
| RAM SETU | 01:15PM | 120-150-180-300 |
| RAM SETU | 04:00PM | 120-150-180-300 |
| RAM SETU | 06:45PM | 120-150-180-300 |
| RAM SETU | 09:30PM | 120-150-180-300 |
| AUDI - 2 | SHOW | |
| THANK GOD | 09:30AM | 110-140-170-200 |
| THANK GOD | 12:00PM | 120-150-180-300 |
| THANK GOD | 03:00PM | 120-150-180-300 |
| RAM SETU | 06:00PM | 120-150-180-300 |
| THANK GOD | 09:00PM | 120-150-180-300 |
| AUDI - 3 | SHOW | |
| KANTARA | 09:30AM | 110-140-170 |
| HAR HAR MAHADEV | 12:30PM | 120-150-180 |
| HAR HAR MAHADEV | 03:30PM | 120-150-180 |
| THANK GOD | 06:30PM | 120-150-180 |
| RAM SETU | 10:00PM | 120-150-180 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# शवराज 72 सीएम राइज स्कूल का 29 को शिलान्यास करेंगे

## दिसंबर तक 200 स्कूलों में काम शुरू करने का लक्ष्य; 9 हजार से ज्यादा स्कूल बनेंगे

*भोपालयशभारत मध्यप्रदेश में जल्द ही सर्व सुविधा युक्त स्कूल यानी सीएम राइज स्कूल बनना शुरू हो जाएंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 29 अक्टूबर को इंदौर में प्रदेश भर में बनने वाले 72 सीएम राइज स्कूल की आधार शिला रखेंगे। इसमें भोपाल के दो स्कूल रहेंगे। इसमें स्पोर्ट्स काम्प्लैक्स से लेकर सभी तरह की सुविधाएं रहेंगी। प्रदेश में भर में 9 हजार से ज्यादा सीएम राइज स्कूल बनाने की योजना है।अपर संचालक लोक शिक्षण डीएस कुशवाहा ने बताया कि पहले चरण में करीब 274 स्कूलों को चुना गया है। इनमें से 72 में निर्माण कार्य 29 अक्टूबर से मुख्यमंत्री के आधार शिला रखते ही शुरू कर दिया जाएगा। दिसंबर के अंत तक कम से कम 200 स्कूल में निमार्ण कार्य शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

1 *स्कूल की तरफ से बस चलाई जाएगी। बच्चों को इसी से घर से स्कूल और स्कूल से घर ले जाया जाएगा। यह फ्री होगी।

2 स्कूल में 160 बच्चों पर एक टीचर रहेगा।

3 *स्मार्ट क्लास होंगी।

4 *खेल के मैदान से लेकर सभी तरह की इनडोर और आउट डोर एक्टिविटी रहेंगी।

5 *सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

6 *एक-एक बच्चे की ट्रैकिंग एप के माध्यम से होगी।

7 *हर शिक्षक का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा।

*वेतन, मानदेय का पैसा आधार-खाते से जु?ा दिसंबर से इसके बिना ट्रेजरी नहीं देगी पैसा*

## सीएम शिवराज को ग्रामीण से कहा –

# खाओ मेरी कसम, पैसा वैसा तो नहीं लगा

**भोपाल,यशभारत।** मुख्यमंत्री के गृह जिले सीहोर के बुधनी के जैत में गुरुवार को मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया था। यहां सीएम शिवराज सिंह चौहान भी पहुंचे थे। यहीं शिवराज ने जनसेवा अभियान के आवेदकों से खुलकर बात की। एक आवेदक से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने एक आवेदक से नामांतरण बटवारे की जानकारी ली। आवेदक ने बताया कि उनका काम हो गया है, तब मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि खाओ मेरी कसम, पैसा वैसा तो नहीं लगा। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इन शिविरों का मकसद भी यही है कि सरकारी ऑफिस के नागरिकों को चक्कर नहीं लगाना पड़े और किसी को भी कोई भेंट और एक पैसा भी नही देना पड़े। सीएम चौहान ने गंगा स्व-सहायता समूह द्वारा चलाए जा रहे कस्टम हायरिंग सेंटर को ट्रैक्टर



प्रदान किया। उन्होंने कस्टम हायरिंग सेंटर की गतिविधियों की जानकारी ली। इसके अलावा महिला स्व सहायता समूह के एकता सिलाई केंद्र का अवलोकन किया और दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने महिला स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा बनाया गया जैकेट भी खरीदा। जनसेवा शिविर में सांसद रमाकांत भार्गव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय, सलकनपुर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर चंद्रमोहन ठाकुर ने ग्राम पंचायत जैत में किए जा रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री चौहान को दी।

### कलेक्टर ने दी विकास कार्यों की जानकारी

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत आयोजित जनसेवा शिविर में कलेक्टर चन्द्र मोहन ठाकुर ने ग्राम पंचायत जैत में किए जा रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री चौहान को दी। उन्होंने बताया कि भारी वाहनों को गांव के बाहर से ही निकालने के लिए ग्राम जैत से बाहर बायपास रोड के लिए तीन करोड़ 85 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। गांव में उप स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पशु चिकित्सालय, सामुदायिक भवन तथा सोसायटी के खाद बीज के लिए गोदाम की भी स्वीकृति हो चुकी है। इन भवनों को बनाने के लिए ग्रामीण द्वारा दी गई चार एकड़ जमीन का 65 लाख का भू अर्जन भी हो चुका है। इस माह में वह पूरी जमीन शासकीय आबंटित हो जाएगी। उन्होंने बताया कि यह चारों भवन एक ही स्थान पर बनाए जाएंगे। पंचायत भवन में एक अतिरिक्त कक्ष के लिए 16 लाख 65 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा खेड़ापति मंदिर का 45 लाख रुपये की राशि से जीर्णोद्धार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत जैत में रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए 15 स्वसहायता समूहों का गठन किया गया है ।

# शौर्या दल की सदस्य संभालेंगी उमा भारती के नशामुक्ति अभियान की कमान

**भोपाल,यशभारत।** पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के शराबबंदी (नशा विरोधी) अभियान को जब सरकार का साथ मिला, तो सुधार की संभावनाएं भी दिखाई देने लगी हैं। जहां नशे के कारोबार से जु? 34 हजार 849 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किए गए हैं, वहीं ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में नशामुक्ति की जिम्मेदारी महिलाओं को सौंपी गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत समाज सुधार के कार्य में लगी शौर्या दल की सदस्य यह जिम्मेदारी निभाएंगी। साथ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं भी होंगी। ये न सिर्फ नशे के दुष्प्रभाव बताएंगी, बल्कि स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के साथ मिलकर नशे से ग्रस्त व्यक्तियों का उपचार भी कराएंगी।



राज्य सरकार ने गांधी जयंती (दो अक्टूबर) से नशामुक्ति अभियान शुरू किया है। इसके तहत नशे की गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा रही है। विभिन्न विभागों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग ने मैदानी स्तर पर लोगों को जागरुक करने की जिम्मेदारी संभाली है।संचालक महिला एवं बाल विकास डा. रामराव भोंसले ने कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि शौर्या दल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मदद से जनजागरुकता अभियान चलाया जाए। रैलियां निकालें, सामाजिक न्याय विभाग ने प्रचार-प्रसार के लिए सामग्री तैयार की है, उसे वितरित करें। कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को समझाइश दें और उपचार के लिए जानकारी उपलब्ध कराएं। कोई खुद उपचार नहीं कर सकता है, तो स्वास्थ्य अमले को बताएं और उनकी मदद से संबंधित का उपचार कराएं।दो हजार 354 लोग शराब पीकर वाहन चलाते मिले

# प्रदेश के युवा नेताओं को खरगे की टीम में नहीं मिली जगह

## दिग्विजय सिंह का लगातार बढ़ रहा कद


भोपाल यशभारत। मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद संभाल लिया है। इसके साथ ही उन्होंने 47 सदस्यों की कार्य संचालन समिति गठित की है। यह कमेटी कांग्रेस के सभी अहम निर्णय लेगी। इस समिति में प्रदेश से सिर्फ पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह को शामिल किया गया है, जबकि पड़ोसी राजस्थान से कांग्रेस के चार नेताओं को जगह मिली है। खरगे की टीम में प्रदेश के युवा नेताओं को मौका नहीं मिला है। जबकि दिग्विजय सिंह का राष्ट्रीय स्तर पर कद लगातार बढ़ता जा रहा है। दिग्गी गांधी परिवार के करीबी हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की आयोजन समिति का अध्यक्ष दिग्विजय सिंह को बनाया गया है। इसके साथ ही वह प्रदेश में सक्रिय हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने उनको कार्यकर्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान करने वाले मामले देखने वाली समिति का प्रमुख बनाया है। इसको लेकर समिति बैठक भी कर चुकी है। इसकी सभा की शुरुआत दतिया से करने का निर्णय लिया गया है।



मध्यप्रदेश से राहुल की टीम माने जाने वाले पूर्व मंत्री जीतू पटवारी हों या पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव और मीनाक्षी नटराजन। खरगे की टीम में किसी युवा को मौका नहीं मिला है। बता दें, दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन फॉर्म लिया था, लेकिन खरगे का नाम आने के बाद उन्होंने उनको अपना वरिष्ठ नेता बताकर चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था। प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनावप्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। खरगे की बनाई कार्य संचालन समिति पार्टी के सभी बड़े फैसले लेगी। दिग्विजय सिंह के टीम में शामिल होने से कांग्रेस को प्रदेश में फायदा मिल सकता है। प्रदेश कांग्रेस की जिम्मेदारी कमलनाथ के पास है। दोनों की जुगलबंदी अच्छी है। दिग्विजय सिंह का प्रदेश के जमीनी कार्यकर्ताओं से सीधा संपर्क है। इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। एक वरिष्ठ ने कहा कि कांग्रेस के उदयपुर अधिवेशन में युवाओं को मौका देने को लेकर प्रस्ताव पास हुआ था। मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के 50 प्रतिशत पद 50 से कम उम्र के नेताओं को देने की बात कही थी, लेकिन कार्य संचालन समिति में सिर्फ एक व्यक्ति 50 से कम उम्र का है। इससे साफ है कि खरगे अनुभव का उपयोग करना चाहते है। पार्टी में लगातार दिग्विजय सिंह का एक बार फिर से पार्टी में कद बढ़ते जा रहा है। उनको राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का समन्वयक बनाया गया। दिग्विजय सिंह की नर्मदा परिक्रमा का कांग्रेस की 2018 में चुनाव जीतने में योगदान रहा है।

### मां ने बेटे के खिलाफ दर्ज कराई एफआइआर, बहू को कर रहा था प्रताड़ित

भोपाल, यशभारत। राजधानी के कोलार इलाके में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला अपने ही बेटे के खिलाफ बहू को प्रताड़ित और हिंसा करने की एफआइआर दर्ज कराई है। उन्होंने बेटे पर बहू को शादी के दस साल बाद भी संतान नहीं होने पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। आरोपित अपनी पत्नी पर शक भी करता है। कोलार पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर आगे की जांच शरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 73 साल की महिला खुद भी पुलिस में नौकरी कर चुकी है। सेवानिवृ?त होने के बाद इन दिनों वह आराम का जीवन ०?यतीत कर रही है। वह अपने पति को भी अनबन के कारण छोड़ चुकी है। उनके तीन बेटों में से एक की मौत हो चुकी है। जबकि एक बेटा बाहर रहता है। सबसे छोटे बेटे के खिलाफ उन्होंने थाने में शिकायत की है।वृद्ध महिला की बहू अनाथ है। उसके गोद लेकर एक परिवार ने पाला है। उसके बाद वह इंदौर में एक कंपनी में नौकरी करती थी।



अग्निवीर :3000 युवाओं में से 317 सिलेक्ट

# 6 टेस्ट देने के बाद फेल होने वालों का केस स्पेशल रिव्यू के लिए जाएगा

**भोपाल, यशभारत।** सेना की अग्निवीर स्कीम के तहत भोपाल में गुरुवार से भर्ती शुरू हो गई। पहले दिन जनरल ड्यूटी (जीडी) के लिए 8 जिलों के 3000 युवाओं ने आमद दी। इनमें भोपाल जिले से 300, बैतूल से 300, छिंदवाड़ा से 300, होशंगाबाद से 300, रायसेन से 250, राजगढ़ से 750, सीहोर से 550 और विदिशा से 250 अभ्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें करीब 2200 यूजी पास थे और इनमें भी लगभग 300 ऐसे थे, जो पीजी कर रहे हैं, जबकि बाकी कम से कम 12वीं तक पढ़े हैं। पहले दिन सुबह 8 बजे तक 317 युवाओं का चयन हुआ। इसके पहले इनको मैदान में दौड़ाया गया और फिर बाकी फिजिकल एक्टिविटी कराई गई। चयन के बाद देर शाम तक इनके दस्तावेजों का वेरिफिकेशन चलता रहा। साथ में इनका मेडिकल टेस्ट भी लिया गया, जिसकी रिपोर्ट जारी नहीं की गई।शुक्रवार को पहले दिन हुई प्रक्रिया की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी। इस सूची में चयनित अग्निवीरों को जनवरी में होने वाली लिखित परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा।

# लव जिहाद : हिंदू बताकर लड़की से की शादी

## 8 साल बाद धर्म परिवर्तन के लिए बनाने लगा दबाव

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक लव जिहाद का मामला सामने आया है। यहां आरोपी ने खुद को पंडित बताकर पहले एक युवती से दोस्ती की। और शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाता रहा। लेकिन महिला के गर्भवती होती ही उस पर मुस्लिम बनाने का दबाव बनाने लगा। बताया जा रहा है कि आरोपी 14 साल पहले महिला के संपर्क में आया था। 7 साल पहले गर्भवती होने पर कोर्ट मैरिज भी कर ली। दरअसल कोर्ट मैरिज के समय पीडि़ता को पता चला था कि युवक मुस्लिम है। शादी के बाद आरोपी उससे मारपीट करने लगा। बच्चा हो जाने के कारण वो उसकी प्रताड़ना सहती रही। लेकिन अब शादी के 8 साल बाद पति उस पर हिंदू से मुस्लिम बनने का दबाव बना रहा है। और पति से परेशान होकर पीडि़ता गुरुवार को अपने 8 साल के बेटे को लेकर पुलिस थाना पहुंची। साथ ही हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता भी महिला के साथ मौजूद रहे। पुलिस ने हालांकि आरोपी पति शेख जाहिद के खिलाफ दुष्कर्म और धर्मांतरण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज किया है।



जानकारी के अनुसार पीडि़ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वो भोपाल की रहने वाली है। पहली शादी परिवार की मर्जी से अपने समाज में हुई थी। लेकिन पारिवारिक कलह और अन्य कारणों से वह रिश्ता टूट गया था। खुद का खर्च उठाने और परिवार चलाने के लिए एक निजी कंपनी ज्वाइन कर ली। छुट्टियों पर में अक्सर भोपाल में रहने वाले अपने रिश्तेदारों से मिलने जाया करती थी। पीड़िता ने आगे बताया कि इसी दौरान उसकी मुलकात शुजालपुर के रहने वाला शेख जाहिद उर्फ गामा से हुई। धीरे- धीरे दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई। आरोपी ने खुद को ब्राह्मण समाज का बताकर पीडि़ता से 14 साल तक लगातार संबंध बनाता रहा। और 7 साल पहले कोर्ट मैरिज के दौरान आरोपी की सचाई पीडि़ता के सामने आई थी। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद से ही लगातार मारपीट करने लगा, जिसके चलते में मानसिक रूप से प्रताडि़त रहने लगी। मेरा बेटा 8 साल का हो गया है लेकिन अब तक उसके कोई भी सरकारी दस्तावेज नहीं बने हैं। अब वो धर्म बदलने का दबाव बना रहा है।




# कोरोना सतर्कता डोज लगवाने में लोगों की रुचि कम हो रही

भोपाल ,ईएमएस। कोरोना के मामले कम होने के बाद अब सतर्कता डोज लगवाने में लोगों की रुचि कम हो रही है। हालत यह है कि अक्टूबर में सिर्फ दो लाख 69 हजार लोगों ने ही सतर्कता डोज लगवाई है। प्रदेश में पांच करो? 41 लाख लोग सतर्कता डोज के लिए पात्र हैं, पर अभी तक एक करो? 35 लाख लोगों को ही डोज लगी है। इसमें 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोग शामिल हैं। केंद्र सरकार से प्रदेश को 18 से 59 साल के लोगों को सतर्कता डोज लगाने के लिए निश्शुल्क टीका मिला था। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 75 दिन (15 जून से 30 सितंबर) के लिए टीका दिया गया था। अभी चार लाख डोज प्रदेश में बचे हुए हैं।यह खत्म होने के बाद इस उम्र वर्ग वालों को सतर्कता डोज नहीं लग पाएगी। निजी अस्पतालों में 386 रुपये देने पर टीका लग पाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अध?िकारियों ने कहा कि यह अच्छी बात है कि कोविन पोर्टल में 18 से 59 साल वालों को टीका लगाने की सुविधा अभी भी दी जा रही है, नहीं तो टीका उपलब्ध होने पर भी नहीं लगा सकते थे।

प्रदेश में हर दिन मिलने वाले कोरोना मरीजों की संख्या 10 से नीचे आ गई है। बुधवार को एक हजार 650 सैंपलों की जांच में चार संक्रमित मिले हैं। कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या भी अब सिर्फ 74 है। इंदौर में 20 और नर्मदापुरम में 14 सक्रिय मामले हैं।

### PFI के 12 सदस्यों को कोर्ट ने भेजा जेल, भोपाल के होम्योपैथी डॉक्टर की दो दिन की रिमांड दी

भोपाल,यशभारत ।भोपाल जिला कोर्ट में गुरुवार को पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 13 सदस्यों को आतंकवादी निरोधी दस्ता (एटीएस) पेश किया गया। इसमें 12 को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं, एक पीएफआई के सदस्य भोपाल के होम्योपैथी डॉक्टर अनवर खान को कोर्ट ने एटीएस को दो दिन की रिमांड दी। अनवर भोपाल में पीएफआई के सदस्यों की बैठकें कराने का काम करता था। उसे यूएपीए के तहत गिरफ्तार किया गया। 20 अक्टूबर को औरंगाबाद से पूछताछ के लिए भोपाल लाए नासिर नदवी से मिली जानकारी पर एटीएस ने भोपाल के अनवर खान को गिरफ्तार किया था। अनवर खान की रिमांड से एटीएस को पीएफआई संगठन और सदस्यों की अहम जानकारी मिलने की उम्मीद है। अनवर खान ने होम्योपैथी की पढ़ाई भोपाल से की है।इससे पहले एटीएस को पीएफआई सदस्यों की 8 दिन की रिमांड मिली थी। एटीएस ने प्रदेश भर में 25 पीएफआई सदस्यों को गिरफ्तार किया था।इनके खिलाफ यूएपीए एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इन पर टेरर फंडिंग और देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप है।



# संविधान दिवस पर आंबेडकर की जन्मस्थली पहुंच सकती है राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा

**भोपाल, ईएमएस। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही च्भारत जोड़ो यात्राज 26 नवंबर को संविधान दिवस पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की महू स्थित जन्मस्थली पहुंच सकती है। कांग्रेस के भीतर इस कार्यक्रम पर विचार-विमर्श जारी है। कांग्रेस नेताओं ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।**

राज्यसभा सदस्य और च्भारत जोड़ो यात्राज की आयोजन समिति के प्रमुख दिग्विजय सिंह ने इंदौर में संवाददाताओं को बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष कमलनाथ की अगुवाई में एक नवंबर तक तय हो जाएगा कि सूबे में इस यात्रा का मार्ग और स्वरूप क्या होगा। सिंह ने एक सवाल पर कहा कि इस विषय में चर्चा की जा रही है कि यात्रा को आंबेडकर की जन्मस्थली महू भी ले जाया जाए। च्दलितों के मसीहाज के रूप में भी मशहूर आंबेडकर का जन्म इंदौर से करीब 25 किलोमीटर दूर महू में 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। उनके सम्मान में प्रदेश सरकार ने महू में स्मारक भी बनाया है। इस बीच, कयास लगाए जा रहे हैं कि गांधी की अगुवाई वाली यात्रा उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग भी पहुंच सकती है जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 अक्टूबर को च्श्री महाकाल लोकज कॉरिडोर की महत्वाकांक्षी परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन किया था।

## मध्य प्रदेश में वकीलों के जमावड़े की तैयारी

यात्रा के दौरान कांग्रेस संविधान दिवस पर इंदौर के आस-पास वकीलों के बड़े जमावड़े की तैयारी भी कर रही है। इस सिलसिले में शहर में वकीलों की एक बैठक में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, च्देश का संविधान इस वक्त भारी असुरक्षा की भावना से जूझ रहा है। च्भारत जोड़ो यात्राज का एक उद्देश्य यह भी है कि संविधान को कैसे सुरक्षित रखा जाए।ज कांग्रेस नेताओं ने बताया कि यह यात्रा महाराष्ट्र से गुजरने के बाद नवंबर के आखिरी दिनों में बुरहानपुर से मध्यप्रदेश में प्रवेश करेगी और प्रदेश के अलग-अलग जिलों में पखवाड़े भर तक फासला तय करेगी।

गौरतलब है कि यह यात्रा अगले विधानसभा चुनावों से ठीक साल भर पहले मध्यप्रदेश से गुजरने वाली है जहां ज्योतिरादित्य सिंधिया की सरपरस्ती में कांग्रेस के 22 बागी विधायकों के विधानसभा से त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल होने के कारण तत्कालीन कमलनाथ सरकार का 20 मार्च 2020 को पतन हो गया था। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा 23 मार्च 2020 को सूबे की सत्ता में लौट आई थी। हालांकि, यात्रा की आयोजन समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा कि च्भारत जोड़ो यात्राज, च्चुनाव जीतो यात्राज नहीं है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा महंगाई और बेरोजगारी सरीखे बुनियादी मुद्दों को लेकर आगे बढ़ रही है।



# कभी खेल, मनोरंजन और ज्ञान की त्रिवेणी हुआ करता था कैमोर जिमखाना

## प्रदेश और राष्ट्रीय खेल क्षितिज में आज भी चमक रहे हैं यहां के सितारे

**कैमोर,यशभारत।** कैमोर में सन् 1923 में सीमेंट कारखाने की शुरूआत के कुछ साल बाद ही इसे एसीसी सीमेंट का नाम मिल गया था और पूरे देश में कैमोर का एसीसी सीमेंट उद्योग प्रसिद्धि प्राप्त करने लगा था। कैमोर में उद्योग की शुरूआत के बाद यहां धीरे-धीरे शिक्षा, खेल, मनोरंजन आदि के साधन -संसाधन विकसित होने लगे थे। आजादी के तीन साल पहले ही 1944 में ही एसीसी का प्रायमरी और मिडिल स्कूल प्रारंभ हो चुका था। इसी के आस-पास एसीसी कैमोर जिमखाना की शुरूआत भी हो गई थी। आजादी के पहले शुरू हुआ कैमोर जिमखाना कभी खेल, मनोरंजन और ज्ञान-विज्ञान की त्रिवेणी हुआ करता था। विभिन्न खेलों में खिलाड़ी अपना कौशल दिखाते हुए जिला संभाग प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर कैमोर का नाम रोशन करते थे। आज भी बैडमिंटन के राष्ट्रीय क्षितिज पर भारत की राष्ट्रीय जूनियर टीम के कोच और बैडमिंटन में भारत को कई ऐतिहासिक अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियां दिलाने वाले संजय मिश्रा इसी कैमोर जिमखाना की देन है। समय के साथ-साथ अब परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। यहां खेल और मनोरंजन की गतिविधियां प्राय :-प्राय : समाप्त होती जा रही हैं। भवन अब भी मौजूद है जो अपने गौरवशाली इतिहास का परिचय दे रहा है।

### उपेक्षा का शिकार है क्लब ब्यॉय

एसीसी जिमखाना की देखरेख, सुरक्षा और खेल गतिविधियों ने सहयोग करने के लिए यहां कभी एक दर्जन क्लब ब्यॉयज की टीम हुआ करती थी, जो अब घटकर आधी भी नहीं रह गई, जो बचे हैं उन्हें भी बहुत सीमित वेतन दिया जाता है। क्लब ब्याज से कहीं ज्यादा वेतन एसीसी के विभिन्न ठेकों में काम करने वाले ठेका मजदूरों को मिलता है। इन क्लब ब्यॉज को वे सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है जो एक सामान्य ठेका मजदूर को मिल जातीं हैं। कोरोनाकाल में भी ये क्लब ब्यॉज अपनी सेवाएं देते रहें पर आज तक न तो इनके वेतन में कोई वृद्धि की गई है न ही इनकी सुविधाओं में कोई इजाफा हुआ है।




एसीसी जिमखाना में बिलियर्ड से लेकर टेनिस जैसे खेलों की सुविधा 1940 के दशक से शुरू हो गई थी। अंग्रेजों के जमाने का बिलियर्ड टेबिल अब भी यहां के बिलियर्ड रूम में मौजूद है। बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, टेनिस, शतरंज और कैरम जैसे इंडोर खेलों के अलावा क्रिकेट, फुटबॉल और व्हॉलीबाल में भी कैमोर जिमखाना की टीमें दूर-दूर तक अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करने जाती थीं। कभी फुटबॉल का अखिल भारतीय स्तर का टूर्नामेंट भी कैमोर के एसीसी रामलीला मैदान में आयोजित होता था, जिसमें न केवल प्रदेश बल्कि अन्य प्रदेशों की चोटी की टीमें भी भाग लेतीं थीं जिनमें प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी शामिल होते थे। एक समय ऐसा भी था जब योग्य खिलाड़ियों को उनके खेल के आधार पर ही एसीसी में अच्छे पदों पर स्थाई नौकरी प्राप्त हो जाती थी। एसीसी जिमखाना में न केवल एसीसी के श्रमिक और कर्मचारियों के बच्चे विभिन्न खेलों का अभ्यास करते थे। वरन बाहर के बच्चों को भी यहां खेलों और खेल स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल जाता था। एसीसी का साधारण श्रमिक हो या उच्चाधिकारी सब एक साथ जिमखाना परिसर में खेल और मनोरंजन के लिए पहुंचते थे। शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक पूरा जिमखाना परिसर खेल और मनोरंजन प्रेमियों से गुलजार रहता था। न केवल यहां सभी तरह के खेलों के अलग-अलग विभाग थे। बल्कि संगीत और ज्ञान के लिए म्यूजिक सेक्शन और लायब्रेरी भी संचालित होती थी। म्यूजिक सेक्शन के लिए बकायदा एक सेक्रेटरी का चुनाव किया जाता था जो अपने कार्यकाल में यहां संगीत से संबंधित गतिविधियों का संचालन करता था। लायब्रेरी के लिए भी सचिव का चुनाव होता था जिसे सचिव का दायित्व मिलता था। वह नगर के बुद्धिजीवियों से सलाह मशवरा कर साहित्य और ज्ञान से संबंधित पुस्तकें खरीदवाकर लायब्रेरी को सम्पन्न बनाता था। एसीसी के अधिकारी-कर्मचारी और उनके बच्चे इस लायब्रेरी से अपने पसंद की पुस्तकों का आवंटन कराकर उसका अध्ययन करते थे। अब तो वर्षों से लायब्रेरी में ताला लटका है। लाखों की पुस्तकें जिनमें कुछ दुर्लभ किताबें भी शामिल हैं, दीमकों की भेंट चढ़ गईं हैं। म्यूजिक रूम अब भी है पर उसमें पहले जैसे बात नहीं रही। खेल गतिविधियां भी प्रायःप्रायः शून्य हैं। खेल के अनेक विभाग ऐसे हैं, जिनके कक्षों का ताला भी नहीं खुलता। खेल गतिविधियों जिनमें स्पर्धाओं का आयोजन भी शामिल था। अब बहुत दूर की बात हो गई है। देश में कोरोना महामारी की शुरूआत के समय यहां अन्य संस्थानों की तरह कैमोर जिमखाना भी बंद कर दिया गया था। 2021 में कोरोना महामारी समाप्त हो जाने के बाद प्रायः सभी संस्थान खुल गए पर कैमोर जिमखाना में फिर भी ताला लटका रहा। लगभग 2 साल तक कैमोर जिमखाना वीरान पड़ा रहा। यहां सभी तरह की गतिविधियां समाप्त रहीं। श्रमिकों की मांग और श्रमिक संगठनों के दबाव में लगभग 2 साल बाद कैमोर जिमखाने की रंगाई-पुताई कर इसका ताला एक बार फिर खोल दिया गया है। थोड़े बहुत मनोरंजन प्रेमी यहां पहुंचने लगे हैं पर कैरम और ताश के कुछ खेलों के अलावा अभी अन्य गतिविधियां प्रारंभ नहीं हुईं। जिमखाना परिसर में बना कैफेटेरिया भी अभी वीरान पड़ा है। जबकि कैफेटेरिया और इसके सामने का गार्डन लोगों के अनेक छोटे-मोटे पारिवारिक उत्सवों में काम आता था। बच्चों के जन्मदिन जैसे छोटे-बड़े आयोजन कैफेटेरिया पार्क में आयोजित हो जाते थे। बच्चों से पूरा परिसर गुलजार हो जाता था। अब यह सब कुछ यहां देखने को नहीं मिलता। अब ऐसा लगता ही नहीं कि कैमोर जिमखाना परिसर को कभी उसका पुराना भव्य स्वरूप मिल पाएगा।



# लक्ष्मी गणेश पूजन के साथ हुआ सुंदरकांड का पाठ




**कटनी, यशभारत।** नगर के सेक्रेट हार्ट इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल कटनी में 22 अक्टूबर को विद्यालय परिसर में धनतेरस व लक्ष्मी गणेश पूजन किया गया। शाला प्राचार्य अभिषेक बनर्जी के निर्देशन व मार्गदर्शन में विद्यालय परिसर में 4 बजे से धनतेरस व लक्ष्मी गणेश पूजन के साथ-साथ संगीत में सुंदरकांड का आयोजन किया गया। विधिवत पूजन के एम गट्टानी रामहित सोनी समिति के सदस्यों, शाला प्राचार्य व समस्त शिक्षकों द्वारा किया गया। पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण, स्वल्पाहार के पश्चात समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यालय परिवार के सभी सदस्य को लक्ष्मी पूजन के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभिन्न उपहार प्रदान किए गए। संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन सम्मानीय भजन गायक संजू नाकरा द्वारा किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष के एम गट्टानी ने सभी के आगमन हेतु धन्यवाद प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के एम गट्टानी समिति सचिव रामहित सोनी, श्रीकांत गट्टानी, अभिषेक गुप्ता की गरिमामय उपस्थिति रही अन्य अतिथिगणों में दामोदर दास भूतडा, दिनेश जैन, डॉ. एस के खमरिया , अमित चौदहा, गोपाल भूतड़ा त्रिभुवनदास गट्टानी, अर्पित अग्रवाल, गोपालाचारी गुप्ता, गोपाल माहेश्वरी, विशाल अग्रवाल, राज किशोर अग्रवाल पूजन हेतु पधारे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रुप से दीपक उपाध्याय असित यादव, सुनील मिश्रा, श्रीमती मोनिका बर्मन, श्रीमती प्रभा पाथल, प्रदीप शर्मा, श्रीमती अंजलि गौतम, सुश्री श्वेता गौतम श्रीमती रिया मनोचा, दीपक खंपरिया, आर एम यादव पवन तिवारी, लेखराम पांडे, श्रीमती संगीता जैन, श्रीमती महिमा जैन अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का पूर्ण सहयोग रहा।



# सार्वजनिक स्थलों सहित घाटों में चला विशेष सफाई अभियान



**कटनी, यशभारत।** वर्तमान में चल रहे पर्वो को दृष्टिगत रख महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देश पर दो शिफ्ट में नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के प्रयास किये जा रहे है। सफाई व्यवस्था के तहत नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो पन्ना मोड, कुठला मेन रोड, पहरूआ मंडी मेन रोड तथा बरगवां मुख्य मार्ग के डिवाइडरों की सफाई का कार्य कराया गया। आगामी छठ पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न वार्डो वार्ड क्रमांक 5 स्थित नदीपार धुईया बाबा घाट, मोहन घाट, छपरवाह घाट, बाबाघाट, बजरंग घाट सहित नगर के अन्य घाटों एवं सीढ़यों के आसपास सफाई एवं झाडियों की कटाई का कार्य कराया गया। नागरिकों की सुविधा एवं सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु विभिन्न प्वाइंटों की सफाई सहित डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया जाकर नगर को साफएवं स्वच्छ रखने के प्रयास किए गए। नगर के अन्य स्थलों वार्ड क्रं. 3 स्थित पहरूआ मंडी रोड, वार्ड क्र. 6 आजाद चौक गाटर घाट गली, वार्ड क्रमांक 8 जालपा मंदिर पहुँच मार्ग सन्मुख दास गली एवं चौधरी बस्ती, वार्ड क्रमांक 9 गौर गली एवं अन्य विभिन्न स्थलों, सौरभ किराना गली की नालियों की सफाई का कार्य कराया गया।

# पात्र हितग्राहियों को हर हाल में मिले योजनाओं का लाभ

### जन सेवा अभियान शिविर में निगमायुक्त के निर्देश

**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 31 अक्टूबर तक समस्त वार्डो में शिविर का आयोजन किया गया है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत सैचुरेशन के लक्ष्य को प्राप्त करनें के लिए 28 अक्टूबर दिन शुक्रवार को ऑडिटोरियम बस स्टैंड कटनी में



नगर के समस्त 45 वार्डो हेतु विशेष मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान शिविर का आयोजन किया गया है। आयोजित शिविर में चिन्हित योजनाओं के पात्र शेष हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने शिविर आयोजन की व्यवस्थाओं का प्रभारी उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार को नियुक्त करते हुए चिन्हित योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को संबंधित योजना से लाभान्वित करने, जन सेवा सी.एम हेल्पलाईन पोर्टल पर लंबित आवेदनों का संबंधित विभाग से समन्वय बनाकर निराकरण कराने के निर्देश दिए है। अभियान के दौरान पी.एम. स्वनिधि योजना , म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग की योजनाओं तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजनाओं मे शत प्रतिशत सैचुरेशन की कार्यवाही करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। विशेष शिविर आयोजन हेतु महापौर, विधायक, अध्यक्ष, स्थानीय जनप्रतिनिधियों वार्ड पार्षदों को आमंत्रित करने, शिविर स्थल पर टेंट शामियाना, कुर्सी, पर्याप्त प्रकाश एवं विद्युत व्यवस्था, आवश्यक साफ सफाई, प्रचार प्रसार सहित शिविर की मुनादी एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही को समय पर पूर्ण कराने हेतु विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

# महिलाओं का गरिमा के साथ बढ़ा आत्मविश्वास, कर रहीं नित नवाचार

### भाईदूज के अवसर पर स्वसहायता समूह की बहनों से मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअली संवाद, जिला पंचायत सीईओ भी रहे मौजूद







**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भाई दूज के अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वसहायता समूह की बहनो के साथ वर्चुअल माध्यम से संवाद किया गया। कार्यक्रम मे स्वसहायता समूहए ग्राम संगठन, संकुल स्तरीय संगठन के पदाधिकारी अन्य जिलो से भी उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष कटनी में गुरुवार को आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को जिले के स्वसहायता समूह के सदस्यों द्वारा वेबकास्ट के माध्यम से देखा और सुना गया । कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअली जुडी स्वसहायता समूह की बहनो से संवाद किया। श्री चौहान ने कहा कि महिलाएं स्वसहायता समूह से जुड़कर नित्य नवाचार कर रही है और स्वयं के परिवार के लिए आजीविका का सृजन कर जीवन यापन रही है। स्वयं की अर्जित आय से परिवार को संपन्नता के शिखर पर ले जा रही है।

समूह की बहने अपने घरो मे आजीविका पोषण वाटिका बना रही है जिससे उन्हे वर्षभर पोष्टिक सबजियॉ मिल रही है। समूह के माध्यम से महिलायें वृहद रूप से राशि का लेन देन का लेखाजोखा संधारित कर रही हैए जिससे बहनों के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि बहने जो आजीविका उत्पाद तैयार कर रही है, उन्हे समूहों में जुड़ी अन्य बहनों को विक्रय करे और जो दूसरी बहने बनाती है उन्हें वे खरीदे। ऐसा करने से किसी अन्य पर निर्भरता कम की जा सकती है और आत्म निर्भरता बढ़ेगी। स्वसहायता समूहों को शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्र छात्राओ को गणवेश का कार्य सौंपा गया है, बहने स्वयं जाकर कोटेशन लेवे एवं कार्य करे जिससे आपकी आमदनी मे वृद्धि होगी। कटनी जिले मे आजीविका मिशन द्वारा अब तक लगभग 95000 महिलाओ को समूहो से जोडा जा चुका है, जिन्हें मिशन द्वारा चक्रीय एवं सामुदायिक निवेश निधि के रूप मे लगभग 35 करोड की राशि प्रदाय की गई है इसके अतिरिक्त समूहो को नगद साख सीमा बैंकों के माध्यम से न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध कराई जा रही है ।आयोजित वर्चुअली कार्यक्रम में शबाना बेगम जिला परियोजना प्रबंधकए जिला प्रबंधक रविशंकर परस्ते, कमलाकर मिश्रा, सीमा शुक्ला, संजय सोधियॉ, वंदना जैन एवं बैंक सखी खुशबु चौधरी, संगीता ढीमर, प्रतिमा दहायत, सुनैना चौधरी, राजकुमारी चौधरी, अनीशा बेगम, विमला हल्दकार, सोना बी. रजनी पाल एवं राजकुमारी पटेल आदि उपस्थित रहे।

# भारत भरोसे पाकिस्तान: वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में पहुंचने के ये समीकरण, टीम इंडिया की राह आसान

नई दिल्ली, एजेंसी। टी-20 वर्ल्ड कप में उलटफेर का सिलसिला जारी है। गुरुवार को पाकिस्तान की टीम को जिम्बाब्वे जैसी कमजोर मानी जा रही प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। यह पाकिस्तान की दो मैचों में लगातार दूसरी हार है। इस नतीजे के साथ सुपर-12 के ग्रुप-2 में सेमीफाइनल की रेस पूरी तरह खुल चुकी है। भारत, साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे में से किन्हीं दो टीमों की अंतिम-4 में एंट्री की संभावना बढ़ गई है। लेकिन, अब भी पाकिस्तान की टीम रेस से पूरी तरह बाहर नहीं हुई है। इस स्टोरी में हम जानेंगे कि ग्रुप-2 में किस टीम की कैसी स्थिति है और नॉकआउट राउंड में पहुंचने के लिए उन्हें क्या करना होगा।






### टीम इंडिया के पास सबसे ज्यादा मौके

भारतीय टीम अपने शुरुआती दोनों मुकाबले जीत चुकी है। पाकिस्तान की दो हार और साउथ अफ्रीका का एक मैच बारिश में धुल जाने से टीम इंडिया की सेमीफाइनल की राह काफी आसान हो गई है। भारतीय टीम अगर बचे हुए तीनों मैच जीतती है तो वह 10 अंकों के साथ टेबल टॉपर रहते हुए अंतिम चार में पहुंचेगी। टीम इंडिया तीन में से दो मैच भी जीतती है तो भी उसका सेमीफाइनल में प्रवेश पक्का हो जाएगा। क्योंकि इस स्थिति में भारत को साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और बांग्लादेश में से किसी दो के ऊपर जीत जरूर मिलेगी। रोहित आर्मी अगले 3 में से 1 मैच जीतकर भी सेमीफाइनल में पहुंच सकती है। ऐसे में उसे अपना नेट रन रेट पाकिस्तान से बेहतर रखना होगा। साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और बांग्लादेश में से कम से कम दो टीमें उससे पॉइंट्स टेबल में नीचे रहे।

### साउथ अफ्रीका के क्या हैं इक्वेशंस

साउथ अफ्रीका ने दो मैच खेले हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ उसका मैच बारिश में धुल गया था। वहीं, बांग्लादेश को टीम ने आसानी से हरा दिया। साउथ अफ्रीका के तीन मैच भारत, पाकिस्तान और नीदरलैंड से बाकी है। तीनों में जीत हासिल करने पर अफ्रीकी टीम 100त्न सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। दो मैच जीत कर भी साउथ अफ्रीका हर हाल में पाकिस्तान से ऊपर रहेगा। फिर उसे यह देखना होगा कि टीम भारत, जिम्बाब्वे और बांग्लादेश में से दो टीम उससे नीचे रहे। अगर साउथ अफ्रीका तीन में से दो मैच हार जाता है तो फिर सेमीफाइनल में उसकी एंट्री लगभग असंभव हो जाएगी।

### बांग्लादेश की राह कठिन, नीदरलैंड लगभग बाहर

बांग्लादेश को नीदरलैंड के खिलाफ जीत मिली है लेकिन साउथ अफ्रीका के खिलाफ करारी शिकस्त मिली है। उसका नेट रन रेट बहुत ही खराब हो गया है। उसे सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अपने बाकी चारों मैच जीतने होंगे। नीदरलैंड को हम अभी से सेमीफाइनल की रेस से बाहर मान सकते हैं। उसके तीन मैच साउथ अफ्रीका, पाकिस्तान और जिम्बाब्वे के खिलाफ बचे हैं। उसे इन तीनों में जीत हासिल करनी होगी। यह मौजूदा परिस्थितियों में असंभव नहीं तो बेहद मुश्किल काम जरूर है।

### जिम्बाब्वे का दावा भी मजबूत हो गया है

जिम्बाब्वे ने भी अब तक दो मैच खेले हैं और उसे दोनों मैच में पॉइंट्स मिले। साउथ अफ्रीका के खिलाफ उसकी हार लगभग तय थी लेकिन बारिश ने बचा लिया। इससे जिम्बाब्वे को 1 पॉइंट मिला। पाकिस्तान को हराने के बाद 2 पॉइंट्स और मिल गए। जिम्बाब्वे ने दो ऐसी टीमों के खिलाफ अंक हासिल कर लिए जिनके खिलाफ उसकी हार तय मानी जा रही थी। अब जिम्बाब्वे को बांग्लादेश, भारत और नीदरलैंड के खिलाफ मैच खेलना है। तीनों मैच जीतने पर जिम्बाब्वे 100त्न सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। दो में जीत हासिल करने पर भी जिम्बाब्वे अंतिम चार में पहुंच सकता है। इस स्थिति में वह हर हाल में पाकिस्तान से आगे रहेगा। लेकिन, यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत, साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश में से दो टीम पॉइंट्स टेबल में उससे नीचे रहे।

### पाकिस्तान अब पूरी तरह भारत के भरोसे

पाकिस्तान की टीम लगातार दो मैच हार कर बहुत ही कमजोर स्थिति में पहुंच चुका है। हालांकि, वह अब भी सेमीफाइनल की होड़ से बाहर नहीं हुआ है। अंतिम चार में पहुंचने के लिए पाकिस्तान को बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। इसके अलावा उसे यह भी दुआ करनी होगी कि टीम इंडिया साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे दोनों को हराए। एक शर्त और होगी कि जिम्बाब्वे भारत से हारने के साथ-साथ बांग्लादेश और नीदरलैंड में से किसी एक से जरूर हारे।

---

टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप 1 का सबसे बड़ा मुकाबला

## ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मेलबर्न में भिड़ेंगे, जो हारा उसका सेमीफाइनल में पहुंचना मुश्किल







मेलबर्न, एजेंसी। टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप 1 में आज सबसे बड़ा मुकाबला होगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड यानी स्थ्त्र में आमने-सामने होंगे। ऑस्ट्रेलिया को पहले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार मिली थी। इसके बाद उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ शानदार वापसी की। यह मैच दोपहर 1.30 बजे शुरू होगा।दोनों टीम के लिए यह मैच बेहद अहम होगा। इसकी वजह यह है कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड अपना एक-एक मैच हार चुकी हैं। आज जो टीम हारेगी, उसका सेमीफाइनल में पहुंचना बेहद मुश्किल हो जाएगा।

### कांटे की टक्कर

आंकड़ों की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच अब तक टी-20 में मुकाबला करीब-करीब बराबरी का रहा है। दोनों के बीच अब तक कुल 24 टी-20 मैच खेले गए। इसमें से 11 इंग्लैंड ने और 10 ऑस्ट्रेलिया ने जीते। 3 मैच बेनतीजा रहे।टूर्नामेंट के पहले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ करारी हार झेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने 25 अक्टूबर को पर्थ में श्रीलंका के खिलाफ जीत के साथ वापसी की। ऑस्ट्रेलिया की धीमी शुरुआत के बाद 158 रन के टारगेट का पीछा करना मुश्किल लग रहा था।इसके बाद ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस आए और उन्होंने 18 बॉल में 59 रन की शानदार नाबाद पारी खेली और 16.3 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया। अब ऑस्ट्रेलियाई टीम को उम्मीद होगी के स्टोइनिस इंग्लैंड के खिलाफ भी ऐसा ही करिश्मा करें।

---

# भारत-नीदरलैंड मैच में भावुक हुए कोहली

## सूर्या पारी की आखिरी गेंद पर पूरी हुई सूर्या की हाफ सेंचुरी, विराट ने गले से लगा लिया

**सिडनी, एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को नीदरलैंड के खिलाफ 25 गेंद में 51 रन बनाकर टीम इंडिया को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने भी अर्धशतक लगाए। सूर्या और विराट की पार्टनरशिप अहम साबित हुई। बहरहाल, इस मैच में जीत-हार के अलावा कुछ ऐसे पल भी आए, जिनके जरिए आपको टीम इंडिया की पर्सनल और टीम बॉन्डिंग का अहसास होगा। ऐसा ही एक मौका था जब सूर्या ने सिक्स लगाया और हाफ सेंचुरी पूरी की। दूसरे छोर पर खड़े कोहली इमोशनल हो गए। दौड़कर सूर्या के करीब गए और उन्हें गले लगा लिया। 19वां ओवर खत्म होने तक सूर्या 45 रन बना चुके थे। दूसरे एंड पर कोहली थे। नीदरलैंड के लोगान वान बीक गेंदबाज थे। आखिरी ओवर की पहली बॉल पर कोहली ने 1 रन बनाया। अब स्ट्राइक सूर्या के पास थी और वो अर्धशतक से कुछ कदम ही दूर थे। ओवर की दूसरी बॉल पर सूर्या ने 2 रन लिए। तीसरी बॉल पर सूर्या 1 रन ही बटोर सके। जाहिर है स्ट्राइक कोहली के पास आ गई।आखिरी ओवर की चौथी बॉल पर बीक ने आउटसाइड लेग पर फुलटॉस डाली। कोहली ने गेंद



भारत ने नीदरलैंड को 56 रन से हराया

को स्क्वायर लेग की तरफ खेला और गेंद सीधे स्टैंड्स में पहुंची। कोहली के इस छक्के से भारतीय फैंस में खुशी की लहर दौ? गई। पांचवीं गेंद पर कोहली ने 1 रन लिया। ओवर की आखिर बॉल और स्ट्राइक सूर्या के पास। सूर्या का अर्धशतक पूरा होने में अब भी 5 रन बाकी थे। ये यॉर्कर लैंथ थी। सूर्या ने पिकअप शॉट खेला और गेंद स्क्वैयर लेग बाउंड्री के बाहर गिरी। इस छक्के से उनका अर्धशतक भी पूरा हुआ। टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप के अपने दूसरे मुकाबले में नीदरलैंड को 56 रन से हरा दिया। गुरुवार को खेले गए इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 2 विकेट पर 179 रन बनाए। विराट ने 44 गेंदों पर 62, सूर्या ने 25 गेंदों पर 51 और रोहित ने 39 गेंदों पर 53 रन बनाए। नीदरलैंड के लिए फ्रेड क्लासेन और पॉल वॉन मीकेरन ने 1-1 विकेट लिया।जवाब में नीदरलैंड की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 123 रन ही बना पाई। भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और अश्विन को 2-2 विकेट मिले। मोहम्मद शमी के खाते में एक विकेट दर्ज हुआ। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए टीम इंडिया के बैटर्स शुरुआत में डच गेंदबाजों के आगे काफी देर तक खुल कर नहीं खेल पाए। पावरप्ले के 6 ओवर के बाद भारत का स्कोर 38/1 था। 10 ओवर के बाद भारतीय टीम 67/1 तक ही पहुंच पाई। 15 ओवर की समाप्ति पर टीम इंडिया का स्कोर 114/2 था। आखिरी पांच ओवर में भारत ने 65 रन बनाए।

### विराट का पोस्ट

इस छक्के के बाद भारत की पारी खत्म हुई। विराट कोहली इमोशनल हो गए। सूर्या को विकेट पर गले से लगा लिया। कोहली और सूर्या ने 48 गेंद पर 95 रनों की साझेदारी की। सूर्या ने 25 गेंद में 51 और कोहली ने 44 गेंद में 62 रन की नाबाद पारी खेली। मैच खत्म होने के बाद विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर मैच की तस्वीरें साझा कीं। कैप्शन लिखा- एनादर स्ट्रॉंग रिजल्ट'। इस पोस्ट पर कुछ ही देर में सूर्या ने कमेंट किया 'स्ह्वह्ल्ङ्कढ्डक्र'। जिसके जवाब में कोहली बोले, 'हाहाज्मानला भाऊ'। मैच के बाद सूर्या ने कहा- कोहली के साथ बैटिंग करने में मजा आता है। हम एक-दूसरे की बहुत इज्जत करते हैं।

---

# याद रहेंगे शिल्पा को वो पल

**मुंबई, एजेंसी।** शिल्पा शिंदे टीवी की एक ऐसी खूबसूरत अभिनेत्री है जो अपने अभिनय के साथ ही अंदाज के लिए भी सुर्खियों में रहती है। शिल्पा को सबसे ज्यादा लोकप्रियता तो 'भाबी जी घर पर हैं' की अंगूरी भाभी के रूप में मिली। साथ ही वह 'बिग बॉस-11' की विजेता भी रही। शिल्पा के कैरियर के उतार-चढ़ाव को देखें तो उसे मुसीबतों के बीच भी रास्ता बनाना बखूबी आता है। इसलिए अब जब शिल्पा 'झलक दिखला जा' के सीजन 10 में प्रतियोगी के रूप में आई तो शिल्पा से सभी को अच्छी उम्मीदें थीं। हालांकि वह 'झलक' में अपना सफर आगे नहीं ले जा सकी। हाल ही में वह अब इस शो की प्रतियोगिता से बाहर हो गयी है। लेकिन अपनी डांस परफोर्मेंस से शिल्पा ने माधुरी दीक्षित को भी अच्छा-खासा प्रभावित किया। माधुरी के साथ मंच पर डांस करने से लेकर अपने व्यक्तिगत नुकसान के बारे में बताने तक, शो में शिल्पा का सफर दिल छू लेने वाला रहा है। लेकिन एक गंभीर चोट के कारण शिल्पा अपना पिछला एक्ट नहीं कर पाई थी। शिल्पा कहती हैं- च्मुझे माधुरी दीक्षित नेने, करण जौहर और नोरा फतेही के सामने परफॉर्म करने का मौका मिला। शो में बिताए ये पल मुझे जिंदगीभर याद रहेंगे।



### दीपशिखा का कत्थक प्रेम

स्टार भारत के शो च्ना उम्र की सीमा होज् से चर्चित भूमिका निभाने वाली दीपशिखा नागपाल का इन दिनों कत्थक नृत्य के प्रति प्यार जाग उठा है। दीपशिखा अपने कत्थक प्रेम के बारे में कहती है- हम शूटिंग आदि में इतना थक जाते हैं कि हमें अपने लिए ज्यादा समय नहीं मिलता। अब जब मेरे पास कुछ समय है, तो मैंने कथक सीखना शुरू किया है। मैं आपको बता दूं कि जब मैं छोटी थी तब भरत नाट्यम सीखती थी। कत्थक के प्रति मेरा लगाव इसलिए भी है कि यह एक एक्सप्रेसिव डांस फॉर्म है। सच कहूं तो नृत्य मेरा एक जुनून है। पैरों में घुंघरू पहनते ही ऐसी खुशी मिलती है, जिसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकती।

### युक्ति को दिवाली का इंतजार

दीपावली को लेकर सभी लगभग सभी टीवी कलाकार बेहद उत्सुक हैं। लेकिन कुछ कलाकारों के साथ मुश्किल यह है कि शूटिंग के चलते वे दीपावली मनाने अपने घर नहीं जा पाएंगे। पर कुछ कलाकारों ने पहले से ही शूटिंग से छुट्टी लेकर दिवाली की तैयारी समय रहते कर ली है। जैसे कि सोनी सब टीवी के सीरियल 'मैडम सर' की करिश्मा सिंह यानि अभिनेत्री युक्ति कपूर। युक्ति कहती है-'दिवाली मेरा सबसे पसंदीदा त्योहार है। इसलिए मैं छुट्टी लेकर अपने होम टाउन जयपुर जा रही हूं। वहां पूरे परिवार और दोस्तों के साथ मैंने एक फैमिली गेट टू गेदर रखा है। इसलिए दिवाली का मैं बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। जिससे मैं यह दिवाली अपने परिवार के साथ संग अच्छे से मना सकूं।

### अब टीवी पर भूल भुलइया-2

यह साल हिन्दी फिल्मों के लिए काफी चुनौती भरा रहा। दक्षिण की फिल्में तो देश भर में खूब चलीं लेकिन हिन्दी फिल्में उत्तर भारत में भी कोई करिश्मा न दिखा सकीं। हालांकि 'ब्रह्मास्त्र' को एक हिट फिल्म बताने की कोशिश की जा रही है। लेकिन सच यह है कि 400 करोड़ के बजट वाली 'ब्रह्मास्त्र' 250 करोड़ का बिजनेस करने पर भी सफल नहीं कहलाएगी। इस साल सही में जिस हिन्दी फिल्म ने सफलता पाई है, वह है 'भूल भुलइया-2'। जिसने 185 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। अब 'भूल भुलइया-2' का टीवी प्रीमियर होने जा रहा है। सोनी मेक्स 30 अक्तूबर को दोपहर एक बजे इस फिल्म का प्रसारण करेगा। इस कॉमेडी फिल्म में कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी और तब्बू मुख्य भूमिकाओं में हैं।

---

## प्रोजेक्ट द सीक्रेट डायमेंशन के लिए तैयार है टिया

### महत्वाकांक्षी लड़की के जीवन पर आधारित है कहानी



**मुंबई (ईएमएस)।** अपने अगले प्रोजेक्ट द सीक्रेट डायमेंशन के लिए गायिका और अभिनेत्री टिया बाजपेयी पूरी तरह तैयार हैं। इसकी कहानी एक महत्वाकांक्षी लड़की के जीवन पर आधारित है। वह लडकी अपने सपनों को हासिल करने के लिए किसी भी हद तक जाती है। टिया अपने चरित्र के साथ अच्छी तरह से जुड़ती है, जैसा कि वह उल्लेख करती है, यह एक लड़की की यात्रा है जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने की हिम्मत करती है। विक्रम भट्ट की हॉन्टेड-3डी से अपने फिल्मी करियर की शुरूआत करने वाली टिया 1920~एविल रिटर्न्स, हेट स्टोरी 4 सहित कई फिल्मों का हिस्सा रही हैं और घर की लक्ष्मी बेटीयां जैसे टीवी शो में भी नजर आ चुकी हैं। अभिनेत्री लखनऊ की रहने वाली है और फिल्म में भी वह उसी शहर से ताल्लुक रखने वाला किरदार निभा रही हैं। मैक्सिमम रिस्क एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित इस फिल्म की शूटिंग 12 देशों में की गई है। यह हर उस व्यक्ति के बारे में है जो असंभव के बारे में सपने देखता है, इसे प्राप्त करने के लिए नरक से गुजरता है, लेकिन फिर यह महसूस करता है कि जीवन के लिए सिर्फ एक चीज के अलावा और भी बहुत कुछ है, केवल वे ही गुप्त आयाम की कुंजी ढूंढ सकते हैं। फिल्म में टिया अपने सारे गाने गाने वाली हैं। इसके बारे में और साझा करते हुए, वह बताती है, मैं फिल्म में अपने सभी गाने खुद गा रही हूं, यह एक संगीतमय फिल्म है। इसमें 11 गाने हैं जो मेरे द्वारा लिखे और गाए गए हैं। जो बात फिल्म को उसके करीब और खास बनाती है, टिया जवाब देती है, मैंने जो भी फिल्म की है, वह मेरे लिए खास रही है। द सीक्रेट डायमेंशन मेरे दिल में एक खास जगह रखता है क्योंकि यह एक विजुअल एल्बम फिल्म है, और मैं खुद की भूमिका निभा रही हूं।

## शाहरुख ने गौरी से कहा- 'मुझे भी अपना भाई समझो

**मुबंई (ईएमएस)।** क्या आप जानते हैं कि बालीवुड के किंग शाहरुख खान ने और उनकी पत्नी गौरी को 'ब्रदर-ज़ोन' करने की कोशिश की थी। ये बात तब की है जब फरहान अख्तर के साथ एक चैट शो में, शाहरुख ने बहुत पहले खुलासा किया था कि उन्होंने शादी से पहले गौरी से यह बात कही थी। उन्होंने कहा, 'मुझे भी अपना भाई समझो। यह बात उन्होंने तब कही जब वह एक पार्टी में गौरी से मिले और वह गौरी से इम्प्रेस हो गए थे।साल 2022 के सितंबर महीने में जब करण जौहर चैट शो 'कॉफ़ी विद करण' एपिसोड में गौरी खान शामिल हुई थीं। शो में उनके शामिल होने को लेकर वह खबरों में छाई हुई थीं। शो में जब होस्ट करण जौहर ने गौरी से शाहरुख खान को फोन करने के लिए कहा, जिससे उन्हें 6 नंबर मिल सके। किंग खान ने अपनी वाइफ को निराश नहीं किया और जब वाइफ ने उन्हें फोन किया तो कुछ ही सेकेंड में उन्होंने कॉल रिसीव कर लिया। जब केजेओ ने गौरी खान को बताया कि शाहरुख ने उन्हें 6 नंबर दिलाने में मदद की तो किंग खान ने सबसे प्यारा जवाब दिया और कहा, देखिए गौरी, हमारे साथ रहेंगी तो आप इसी तरह नंबर प्राप्त करेंगी। इसी साल करण जौहर के चैट शो में गौरी खान ने



शाहरुख की आदतों को लेकर भी एक दिलचस्प खुलासा की थीं। जब होस्ट करण जौहर ने उनसे पूछा कि शाहरुख की कौन सी अच्छी आदतों को वो चाहती हैं उनकी बच्चों में हों? करण का जवाब देते हुए गौरी ने कहा, वेल, मुझे खुशी है कि उनके (शाहरुख खान) पास कोई ऐसा गुण नहीं हैं, जिसमें गुणवत्ता नहीं हो। वे कभी टाइम पर नहीं होते, वे समय के पाबंद हैं और वे 100 घंटे बाथरूम में नहीं बिताते हैं। इसलिए मुझे खुशी है कि उनके पास ये नहीं हैं। आगे गौरी ने ये भी खुलासा किया कि शाहरुख को टीवी देखने और यहां तक कि कभी-कभी अपने बाथरूम में बैठकर किताबें पढ़ने में मजा आता है। शो के दौरान गौरी खान ने अपने पति की तारीफ करते हुए उन्हें मल्टी-टास्किंग पर्सन कहा था।मालूम हो कि बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान और उनकी पत्नी गौरी खान अपनी 31वीं शादी की सालगिरह मना रहे हैं। शाहरुख कई मौकों पर गौरी खान के साथ अपनी लव स्टोरी के बारे में विस्तार से बता चुके हैं। यह दिग्गज जोड़ी 1984 में एक कॉमन फ्रेंड की पार्टी में मिली थी, जब वह केवल 18 साल के थे। बाद में दोनों एक दूसरे को डेट करने लगे।

# खिरहनी फाटक क्षेत्र में लाखों की स्मैक बरामद

**रकम जप्ती व आरोपियों पर कार्रवाई में उठे सवालिया निशान**

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली क्षेत्र की खिरहनी फाटक चौकी पुलिस ने खिरहनी फाटक क्षेत्र में दबिश देकर कुछ युवक व युवतियों को स्मैक की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने खिरहनी फाटक क्षेत्र निवासी एक निषाद परिवार के मकान में दबिश देकर परिवार के कुछ सदस्यों को लगभग 10 से 15 ग्राम स्मैक, नगदी व अन्य सामान के साथ गिरफ्तार कर चौकी लाई है। निषाद परिवार के यहां बरामद स्मैक की कीमत लाखों में बताई जा रही है। समाचार लिखे जाने तक मामले में लिखापढ़ी चल रही थी। जिसके कारण यह पता नहीं चल सका की पुलिस ने निषाद परिवार के किन सदस्यों पर स्मैक के अवैध कारोबार का मामला दर्ज किया है और कुल कितनी स्मैक बरामद की गई है। उधर इस मामले में सूत्रों ने पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए हैं। सूत्रों का कहना है कि निषाद परिवार के अधिकांश सदस्य स्मैक के अवैध कारोबार में लिप्त हैं तथा उन्हे पकड़ा भी गया है लेकिन पुलिस ने सांठगांठ कर कई सदस्यों को छोड़ दिया है। इसके अलावा निषाद परिवार के यहां स्मैक के साथ जप्त की गई रकम में भी पुलिस ने खेल किया है। हालांकि इस मामले को लेकर नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह ने सूत्रों की जानकारी को खारिज किया है। सीएसपी श्री सिंह का कहना है कि पुलिस की कार्रवाई एकदम फेयर है तथा कार्रवाई पर सवाल बेबुनियाद हैं।

# मोटर सायकलों की भिड़ंत में एक की मौत

**विजयराघवगढ़ शराब दुकान के सामने दुर्घटना**

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़-कैमोर मार्ग पर विजयराघवगढ़ स्थित शराब दुकान के समीप दो मोटर सायकलों के बीच हुई भिड़ंत में एक मोटर सायकल के चालक की मौत हो गई जबकि दूसरा दुर्घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक विजयराघवगढ़ के वार्ड क्रमांक 3 निवासी 22 वर्षीय भरत पिता बद्री महोबिया बीतीशाम मोटर सायकल से सवार होकर किसी कार्यवश कैमोर जा रहा था। उसीदौरान विजयराघवगढ़ स्थित शराब दुकान के समीप भरत की मोटर सायकल की भिड़ंत विपरीत दिशा से आ रही दूसरी मोटर सायकल से हो गई। जिसके कारण मोटर सायकल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी बाइक का चालक भरत को घायल अवस्था में छोड़कर भाग गया। दुर्घटना की जानकारी लगते ही उपनिरीक्षक विनोदकांत सिंह मौके पर पहुंचे और घायल भरत को विजयराघवगढ़ अस्पताल लेकर आए। जहां उपचार के दौरान भरत की मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# क्षेत्र का विकास और जनता का कल्याण ध्येयः संजय पाठक



**कटनी, यश भारत।** विजयराघवगढ़ विधानसभा का विकास और जनता का कल्याण ही अपने प्रधान सेवक के रूप में मेरा प्रमुख ध्येय है। सबका साथ सबका विकास का नारा चरितार्थ करते हुए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ मिले। यही मेरा लक्ष्य है। यह बात पूर्व मंत्री विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने कल रात विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रोहनिया में दीपावली मिलन कार्यक्रम में पहुंचकर व्यक्त किए। उन्होंने सभी ग्रामवासियों को इस पावन पर्व की बधाई शुभकामनाएं प्रदान करते हुए संवाद किया।

# दुकान में आग लगाने के 20 दिन बाद हुई एफआइआर

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गजानन काम्पलेक्स स्थित दुकान में आग लगाने वाले अज्ञात दो आरोपियों के खिलाफ घटना के 20 दिन बाद पुलिस ने एफआइआर दर्ज की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 8 अक्टूबर की रात गजानन कॉम्प्लेक्स स्थित दुकान में अज्ञात बदमाशों ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी थी। मामले में पीड़ित नईबस्ती क्षेत्र निवासी विजय पंजवानी द्वारा इस संबंध में कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। वहीं इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ था। जिसमें दो युवक दुकान के आसपास आग लगाने का प्रयास करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में 20 दिन बाद अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# पर्यटन और खेल मंत्री ने की मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान की समीक्षा



**कटनी,यशभारत।** प्रदेश सरकार की पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास मंत्री उषा ठाकुर और खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया आज कटनी में हैं। दोनों कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान कार्यक्रम की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के बाद परिसर में अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र व कटनी ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों को पट्टा का वितरण करेंगी। इसके अलावा अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को भी लाभ का वितरण दोनों मंत्रियों की उपस्थिति में किया जाएगा। बैठक में विधायक संदीप जायसवाल सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# एसी कोच के पहियों से धुआं उठते ही दहशत में आए गोंडवाना एक्सप्रेस के यात्री

**मझगवां से हरदुआ के बीच आधे घंटे खड़ी रही ट्रेन, जांच के बाद बीना के लिए रवाना**

**कटनी, यशभारत।** बीना-कटनी रेलखंड पर मझगवां फाटक व हरदुआ स्टेशन के बीच जबलपुर से हजरत निजामुद्दीन के बीच कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 22181 गोंडवाना एक्सप्रेस के एसी कोच के पहिए के नीचे से अचानक धुआं उठने लगा। धुएं का गुबार उठने से ट्रेन में हड़कंप मच गया। मझगवां रेलवे फाटक के पास ट्रेन को रोककर जांच की गई। इस दौरान ट्रेन करीब 30 मिनट तक खड़ी रही। बताया गया है कि ब्रेक ओवर हीटिंग के कारण ऐसी स्थिति बनी थी। इस संबंध में रेलसूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम गोंडवाना एक्सप्रेस मुड़वारा स्टेशन से निकली थी। तब सब ठीकठाक था। बीना-कटनी रेलखंड में मझगवां फाटक से जैसे ही ट्रेन क्रास हुई। उसीदौरान स्टेशन पर झंडी दिखा रहे स्टेशन मास्टर शंकर कुमार ने एसी के बी-6 कोच के पहिए से धुआं उठते देखा और फौरन इसकी सूचना ट्रेन गार्ड अभिषेक गुप्ता को दी। सूचना मिलते ही ट्रेन को मझगवां से हरदुआ के बीच किलोमीटर क्रमांक 1224/16 पर रोक दिया गया। हरदुआ-मझगवां स्टेशन के बीच ट्रेन के एसी कोच के पहियों से अचानक तेजी से धुआं का गुबार निकलने लगा। यात्रियों ने इसकी सूचना गार्ड को दी, वहीं ड्राइवर तक सूचना पहुंचने के बाद अधिकारियों को सूचना देकर ट्रेन को मझगवां रेलवे फाटक के पास रोका गया। रेलवे के यांत्रिकी विभाग के इंजीनियरों ने मौके पर जांच की और ट्रेन को रवाना किया गया। इस दौरान बताया गया कि आग पहिए में लगी ब्रेक की रबड़ से पैदा हुई है, जिसकी वजह से धुआं उठा।



**कोच से उतरकर ट्रैक पर आए यात्री**

पहिए से धुआं उठता देख ट्रेन में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। एसी कोच के कई यात्री बाहर निकल आए और ट्रेन के पहियों से धुआं निकलने की जानकारी जुटाने लगे। यात्रियों में कुछ समय के लिए दहशत फैल गई थी।

**यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें– 230033**

लकवा एवं वात रोग विशेषज्ञ
डॉ. देबनाथ
लकवा, वात रोग, गठिया, हड्डियों जोड़ों का दर्द एवं सूजन कमर दर्द, घुटना, कंधा दर्द, सायटिका अर्थराइटिस का इलाज किया जाता है।
पता- शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी
मो. 9826154533
नोट-28 वर्षों से आपकी सेवा में उपस्थित।

# लखनपुरा में मिली अज्ञात लाश की 5 दिन बाद भी नहीं हो सकी शिनाख्त



**कटनी/बरही,यशभारत।** ग्राम पंचायत लखनपुरा में गत 25 अक्टूबर की सुबह पुलिस ने एक अज्ञात शख्स का शव बरामद किया थाए जिसे पोस्टमार्टम उपरान्त मर्ग कायम कर दफन करा दिया गया था, लेकिन 5 दिन बीतने के बाद भी मृतक की शिनाख्त नही हो पाई है। आखिर मृतक कौन है, उसे किसने मौत के घाट उतारा। वह लखनपुरा गांव क्यों गया हुआ था! इन सारे सवालों का जबाब पाने पुलिस 5 दिन से लखनपुरा गांव का चक्कर लगा रही हैए लेकिन कोई भी इस वारदात के मामले में अपना मुह खोलने तैयार नही है। बहरहाल अज्ञात शक्श के शिनाख्तगी के प्रयास में पुलिस पसीना बहा रही है और यह जानने का प्रयास कर रही है कि आखिर शख्स को किसने मौत के घाट उतारा है।

**चोरी करने घर में घुसने की चर्चाएं**

गत 24 अक्टूबर को बरही थानाक्षेत्र के लखनपुरा गांव के एक घर मे चोर घुसे थे। शोर होते ही ग्रामीण एकत्रित हुए मृतक हाथ लग गया। उसके अन्य साथी भाग निकले। मृतक को लाठी-डंडे से पीटकर मौत के घाट उतार दिया गया। जिसका शव तालाब के पास फेक दिया गयाए ऐसी चर्चाएं चल रही है। इन चर्चाओं में सच्चाई कितनी है यह तो पुलिस पड़ताल उपरान्त ही स्पष्ट हो पाएगा, लेकिन पूरे लखनपुरा गांव में इस वारदात के बारे में कोई भी कुछ भी बताने को तैयार नही है। बरही पुलिस ने मर्ग क्रमांक 83/22 धारा 174 दिनांक 25 अक्टूबर दर्ज कर लिया है। ग्राम लखनपुरा तालाब के मेड़ के पास अज्ञात पुरुष उम्र करीब 30 वर्ष का शव बरामद कर मामले की पतासाजी करने में बरही पुलिस जुटी हुई है।











प्लाट बेचना है
दुबे कालोनी, जागृति कालोनी एवं पीयूष स्कूल के पास में बहुत ही किफायती दामों में प्लाट बेचना है।
संपर्क धर्मेंद्र तिवारी मो. 9827340910





स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)